खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 13°C

लखनऊ, सोमवार 16 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आदतन गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रों को प्रतिबंधित करने की जरूरत : योगी पेज 2



आईसीसी ने आगा सलमान को लगाई फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया खेल टाइम्स



डाटा, सहमति और संविधान : डिजिटल शक्ति पर भारत को पुनर्विचार करना होगा सम्पादकीय



ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल, नेतन्याहू के सामने नई सियासी चुनौती पेज 12

# ईरान का इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, अमेरिकी दूतावास नष्ट

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का रविवार को 16वां दिन था। ईरान ने रविवार को इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल के टुकड़े गिरने से उस इमारत को नुकसान पहुंचा है, जहां अमेरिकी डिप्लोमेट काम करते हैं।

हालांकि रिपोर्ट्स में ये नहीं बताया गया कि यह इमारत किस शहर में है। इजरायल में अमेरिका का दूतावास यरुशलम में है और राजधानी तेल अवीव में भी उसका एक बड़ा दफ्तर है। वहीं ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बाद भी तेल टैंकरों में ऑयल लोडिंग का काम जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक वहां 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं और 2 टैंकर अभी तेल लोड होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टैंकर किस देश या कंपनी के हैं। ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर



- **खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बावजूद भी ऑयल लोडिंग जारी**
- **ईरान बोला: सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक**

### इजरायली पीएम जिंदा है, तो ढूंढकर मारेंगे: ईरान


**तेहरान।** आईआरजीसी ने कहा है कि अगर इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं, तो वो उनका पीछा कर उन्हें मार डालेगा। आईआरजीसी ने नेतन्याहू को 'बच्चों का हत्यारा' बताया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में ईरानी दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इससे बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ता कि नेतन्याहू जिंदा हैं या मर चुके हैं। एक मिनाबी लड़की के बाल का एक भी रेशा, उनके पूरे वजूद से कहीं ज्यादा कीमती है। इस मामले में सवाल यह भी उठता है कि अगर बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं, ऐसा आईआरजीसी ने क्यों कहा है और यह दावा या अफवाह कहां से शुरू हुआ है कि बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं या नहीं, हालांकि कई खबरों के मुताबिक, इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने नेतन्याहू की मौत की बात को फेक न्यूज बताया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग की शुरुआत में ही ईरानी अधिकारियों ने बताया था कि दक्षिणी ईरान के शहर मीनाब में लड़कियों के एक स्कूल पर हमला हुआ, जिसमें 160 से ज्यादा लोग मारे गए।

### यूएई में भारतीय जहाज में तेल भरते वक्त हमला, स्टाफ सुरक्षित, शिप भी रवाना

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग की वजह से जहाजों को खाड़ी देशों से ऑयल लाने में दिक्कत हो रही है। भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को यूएई के फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर हमला हुआ था। इस दौरान भारतीय झंडे वाला जहाज जग लाड़की वहां तेल भर रहा था। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय स्टाफ सुरक्षित हैं। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया और अब सुरक्षित रूप से भारत की ओर रवाना हो गया है।

## 26वां रोज़ा

### रमज़ान की 27वीं रात ही शब-ए-कद्र!



जिस दिन छब्बीसवां रोज़ा होता है, उस तारीख को माहे-रमज़ान की सत्ताईसवीं रात होती है। इस रात को ही अमूमन शबे-कद्र में शुमार किया जाता है। हालांकि हदीसे-नबवी में ज़िक्र है कि शबे-कद्र को रमज़ान के आखिरी अशरे की ताक रातों जैसे 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं, 29वीं रात में तलाश करो, लेकिन हज़रत उमर और हज़रत हुजैफा और असहाबे-रसूल में से बहुत से लोगों को यकीन था कि रमज़ान की सत्ताईसवीं रात ही शबे-कद्र है। सवाल यह उठता है कि शबे-कद्र क्या है? शब के माश्नी है रात, कद्र के माश्नी है इज़्ज़त। शबे-कद्र यानी ऐसी शब जो कद्र वाली है। माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे में ही शबे-कद्र यानी इज़्ज़त और अज़्मत वाली ये रात आती है।




### एयर इंडिया की अबु धाबी, रस अल खैमा, शारजाह की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

# बंगाल व असम समेत पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान

**असम, केरल व पुड्डुचेरी में 9 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल व प. बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग**

**नतीजे 4 मई को आएंगे, चुनावों की घोषणा के साथ ही 5 राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में विधानसभा की कुल 824 सीटों के लिए आम चुनाव नौ अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच कराने की घोषणा की है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि असम की 126 सीटों, केरल की 140 और पुड्डुचेरी की 30 सीटों के लिए एक चरण में चुनाव नौ अप्रैल को कराया जाएगा। तमिलनाडु की 234 सीटों पर मतदान एक चरण में 23 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को कराए जाएंगे। राज्य की कुल 294 सीटों में से पहले चरण में 152 सीटों के लिए और दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए चुनाव होगा। इन सभी राज्यों और पुड्डुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना चार मई को कराई जाएगी। चुनावों की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ज्ञानेश कुमार ने बताया कि चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 17.4 करोड़ मतदाताओं के लिए करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए आयोग ने लगभग 25 लाख चुनाव कर्मियों को लगाने की घोषणा की है ताकि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा आयोग ने इन राज्यों का दौरा कर वहां के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, राज्यों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद की है। संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डा. एसएस संधु और विवेक जोशी भी उपस्थित थे। श्री कुमार ने कहा कि आयोग प्रत्येक मतदाता का मतदान केंद्र पर स्वागत करने के लिए तैयार है। हम खासकर पहली बार वोट डालने वाले और युवा मतदाताओं से अपील करते हैं कि वे अपने मताधिकार का उत्साह, आत्म सम्मान और विवेक के साथ प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।



- **सीईसी ज्ञानेश कुमार ने विशेष संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की**

### राज्यसभा चुनाव: भाजपा ने ओडिशा से 82 विधायक पारादीप भेजे

- **कांग्रेस के 8 एमएलए बेंगलुरु में रुके, राज्य की चार सीटों पर 16 मार्च को वोटिंग**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है। शनिवार शाम भुवनेश्वर स्थित भाजपा मुख्यालय में बैठक के बाद मंत्री और विधायक दो लग्जरी बसों से पारादीप के लिए रवाना हुए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी विधायक पारादीप में दिलीप राय के होटल में ठहरेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला -शेष पृष्ठ दो पर

# दरोगा भर्ती परीक्षा के विवादित प्रश्न पर योगी के मंत्री को ऐतराज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है।

इस मामले में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे बेहद आपत्तिजनक बताया है। इस बाबत रविवार को एक बयान जारी कर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्न अवसर के अनुसार बदलने वाला के लिए दिए गए विकल्पों में 'पंडित' शब्द को शामिल करना न तो उचित है -शेष पृष्ठ दो पर

### विवादित प्रश्न को लेकर जांच के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के बीच अपना पक्ष रखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने कहा है कि 14 मार्च को सम्पन्न हुई उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा की पहली पाली में पूछे गए एक प्रश्न के संबंध में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### भर्ती परीक्षा में पंडित को 'अवसरवादी' बताने के खिलाफ दी तहरीर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित को 'अवसरवादी' बताने वाले प्रश्न के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लखनऊ के हजरतगंज थाने में तहरीर दी गई है।




# उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज

## उत्तराखंड: केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी, नैनीताल में ओले गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग हिस्सों में कई तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हो रही है, वहीं नैनीताल में ओले गिरे हैं। मौसम विभाग ने 12 जिलों में आंधी-बारिश और बर्फबारी का अलर्ट किया है।

उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का असर है। आज यूपी के 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। मध्य प्रदेश के भी 12 जिलों में बारिश की संभावना है। नर्मदापुरम जिले का तापमान पिछले तीन दिन से लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। शनिवार को भी 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में हीट स्ट्रोक खतरा है। वहीं दिल्ली में रविवार सुबह हुई हल्की बारिश से पिछले एक सप्ताह की गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिन भर हल्की बारिश की संभावना है। इस कारण शहर के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।




- **मप्र में तापमान 40 डिग्री पार, यूपी के 35, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश संभव**

## संक्षिप्त समाचार

### अभिषेक को मिली सचिव, सामान्य प्रशासन की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अभिषेक प्रकाश की बहाली के बाद सरकार ने रविवार को उन्हें सचिव, सामान्य प्रशासन के पद पर तैनाती दे दी है। इस संबंध में नियुक्ति विभाग ने शनिवार को बहाली के आदेश दिए थे, जिसके अनुसार 15 मार्च से पुनः कार्यभार ग्रहण करने को कहा गया था। नियुक्ति अनुभाग-5 द्वारा जारी आदेश में कहा गया था कि आईएएस अभिषेक प्रकाश की निलंबन अवधि 14 मार्च तक मानी जाएगी। इसके बाद 15 मार्च से उन्हें सेवा में बहाल करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने यह आदेश राज्यपाल की अनुमति से जारी किया था। साथ ही आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बहाली के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई यथावत जारी रहेगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 06 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं, जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

# बुलडोजर का ड्राइवर बदलेगा, हम बनेंगे सीएम

मुंबई/लखनऊ, वार्ता



■ मायावती की नाराजगी के सवाल पर अखिलेश यादव बोले

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मायावती को लेकर पूछे गए सवाल पर नरम रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि वो सारे दलितों और पिछड़ों का सम्मान करते हैं, किसी बात को लेकर नाराजगी होगी लेकिन उनका सम्मान करते हैं। पिछली बार जो गठबंधन टूटा था, उसका ठीकरा अखिलेश यादव ने बीजेपी पर फोड़ा।

2027 में चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बुलडोजर पर दिमाग नहीं होता, बस उसका ड्राइवर बदल जाएगा, बदलाव आप यही देखेंगे, हम सीएम बन जाएंगे। आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में हम इंडिया अलायंस को समर्थन देंगे। असम में एक सीट मांगी है, नहीं हुआ, तो समर्थन करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में तो आज गैस सिलेंडर ऑनलाइन बुक कीजिए एरर दिखाता है। एसआईआर के मुद्दे पर पूर्व सीएम ने कहा कि बीजेपी एसआईआर नहीं लाई, एनआरसी लाई थी। यूपी के लोग यह समझ गए थे, कभी नंदलाल और कभी दशरथ की बात कर रहे थे। मैंने देखा कि यूपी उपचुनाव में जैसे बीजेपी वालों ने लूट किया और चुनाव आयोग आंख बंद करके बैठा था। यूपी पुलिस एसआई परीक्षा के प्रश्न को लेकर उन्होंने कहा कि ये अंडरग्राउंड लोग कर क्या रहे हैं? अंडरग्राउंड लोग कैसा पेपर बना रहे हैं?

### पांच राज्यों में हों निष्पक्ष चुनावः अखिलेश

**लखनऊ।** चुनाव आयोग की तरफ से रविवार को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, पुड्डुचेरी और केरल में होने वाले विधानसभा की तारीखों की घोषणा किए जाने से पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को कई बार सवालों का सामना करना पड़ा है। चाहे वह एसआईआर को लेकर भेदभाव हो या उपचुनाव में सरकार द्वारा वोटों की हेराफेरी, कई सवाल उठे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग जब आज कई राज्यों में चुनाव की घोषणा करने जा रहा है, तो चुनाव आयोग यह भरोसा दिलाए कि निष्पक्ष चुनाव होगा और कहीं किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, यह संवैधानिक संस्था है, उनकी जिम्मेदारी बनती है कि उनकी विश्वसनीयता पर कोई सवाल न खड़े हो।

### सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे कांशीराम

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और बहुजन नेता कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर श्री कांशीराम जी की जयंती पर शत शत नमन। अखिलेश यादव अपने पास आए अब दलित वोट को छिटकने नहीं देना चाहते, लिहाजा वे दलित महापुरुषों को लेकर लगातार गंभीर हैं और उनके विचारों पर चलने का आह्वान करते हैं।

# बसपा आंदोलन से जुड़कर बहुजन समाज बने ईमानदार व मिशनरी अम्बेडकरवादीः मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजिल अर्पित देते हुए बहुजन समाज से अपील की है कि वे बसपा आंदोलन से जुड़कर ईमानदार और मिशनरी अम्बेडकर वादी बनें।

बहुजन समाज अपने वोट की ताकत से सत्ता की 'मास्टर चाबी' हासिल कर सकता है, जिससे संविधान में दिए गए अधिकारों को जमीन पर लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि यही कांशीराम का मिशन और उनके जीवन का संदेश भी है। सुश्री मायावती ने रविवार को एक्स पर जारी संदेश में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने डा. आंबेडकर की सोच और आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए देशभर में बहुजन समाज को संगठित किया। उन्होंने जाति के आधार पर उपेक्षित और पिछड़े लोगों को एकजुट कर उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया। उनके नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी ने 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' के मिशन को आगे बढ़ाया। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि कांशीराम के ऐतिहासिक प्रयासों के कारण बहुजन समाज में राजनीतिक जागरूकता आई और समाज के लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा मिली।

### कांशीराम को 'भारत रत्न' देने की मांग, राहुल गांधी ने लिखा पीएम मोदी को पत्र



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता कांशीराम को मरणोपरांत 'भारत रत्न' देने की मांग की है। गांधी ने रविवार को अपने पत्र में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बहुजन समाज तथा गरीब वर्गों में राजनीतिक चेतना जगाई थी। उनका कहना था कि उनके इन प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी।

# हम चमड़ी उतारकर बना देते हैं जूताः आजाद

लखनऊ, वार्ता



■ करणी सेना की धमकी पर चंद्रशेखर आजाद का पलटवार

करणी सेना ने आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को बाराबंकी की जमीन पर पैर नहीं रखने देने की धमकी दी है, जिस पर आसपा सांसद ने पलटवार किया और कहा कि हम ऐसी धमकियों ने नहीं डरते हैं। हम चमड़ा उतारना भी जानते हैं और उसका जूता बनाना भी जानते हैं।

भीम आर्मी के मुखिया और आसपा सांसद चंद्रशेखर आजाद रविवार को कांशीराम जयंती के मौके पर बाराबंकी में भीम आर्मी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए करणी सेना के नेता अभिनव सिंह की धमकी पर तीखा हमला किया। चंद्रशेखर ने कहा कि हम संघर्ष करने वाले लोग हैं, हम धमकियों से नहीं डरते। मैं तो संवैधानिक व्यक्ति हूं, हम बड़े सज्जन लोग है, संविधान को मानने वाले लोग है, डरते किसी से नहीं है। डरते तो भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ नहीं जाएंगे। इस दौरान जब उनसे अलग- अलग सियासी दलों द्वारा कांशीराम जयंती पर कार्यक्रमों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि कांशीराम व्यक्ति नहीं विचार है, जो उनके विचारों पर चल रहा है कांशीराम तो उन्हीं के हैं।

### आदतन गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रों को प्रतिबंधित करने की जरूरतः योगी

# आस्था पर अमर्यादित टिप्पणी न हो

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एसआई भर्ती परीक्षा में हुए बवाल पर बोले सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (यूपी एसआई) भर्ती परीक्षा में हिंदी अनुभाग के एक प्रश्न के पूछे जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन्स से कहा है कि सभी पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देश दें कि हैबिचुअल ऑफेंडर्स (बार-बार गलती करने वाले) को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में किसी व्यक्ति, जाति, पंथ या सम्प्रदाय की मर्यादा और आस्था के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी या संदर्भ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू (समझौता ज्ञापन) में भी इस विषय को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो रही बारिश को देखते हुए भी प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा है कि वे फील्ड में जाकर फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कराएं। साथ ही राहत आयुक्त को अधिकारियों के साथ सीधा समन्वय बनाकर किसानों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 14 मार्च को आयोजित यूपी एसआई भर्ती परीक्षा के हिंदी अनुभाग में एक प्रश्न में 'पंडित' शब्द को 'अवसरवादी' के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समुदाय की भावनाएं आहत होने की बात सामने आई, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### दिल्ली जेल से बंदी लखनऊ आया उपनिरीक्षक की परीक्षा देने

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती परीक्षा के दौरान लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दिलचस्प और अनोखे दृश्य देखने को मिले। एक ओर जहां साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली की सेंट्रल जेल में निरुद्ध एक कैदी पुलिस की निगरानी में परीक्षा देने लखनऊ पहुंचा, वहीं दूसरी ओर दो महिला सिपाही नवजात बच्चों को गोद में लेकर परीक्षा ड्यूटी करती नजर आईं। जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी अंकित त्रिपाठी साइबर फ्राड के आरोप में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। अदालत की अनुमति के बाद दिल्ली पुलिस उसे लखनऊ लेकर आई।

### चाबहार बंदरगाह परियोजना पर स्थिति स्पष्ट करे सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह इस दौरान परिदृश्य में नहीं है और इसका अदृश्य होना सरकार की कूटनीति के लिए और बड़ा झटका है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा कि सरकार को चाबहार परियोजना को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बताना चाहिए कि क्या भारत अब भी इस परियोजना में शामिल है। उनका उनका कहना था कि अगर ऐसा नहीं है तो यह भारत के लिए बड़ा रणनीतिक झटका है। उन्होंने सवाल करते हुए पूछा कि इस परियोजना में स्थिति क्या है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010




सेंसेक्स 74563.92
निफ्टी 23151.10
सोना 159810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 275000
प्रति किलो



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

# ईरान युद्ध की स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दो सप्ताह से जारी भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में भी ईरान युद्ध की स्थिति ही निवेश धारणा को तय करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक होगा। ईरान युद्ध जिस तरह से लंबा खिच रहा है उससे दुनिया भर के शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजार भी दबाव में हैं। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो आने वाले सप्ताह में भी बिकवाली जारी रह सकती है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और उसके बयान पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। यह बैठक 17.18 मार्च को होने वाली है।

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को छोड़कर बाकी के चार दिन गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स कुल मिलाकर 4,354.98 अंक (5.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 1,299.35 अंक यानी 5.61 फीसदी गिरकर 23,151.10 अंक पर आ गया। दोनों सूचकांकों का यह 11 महीने का निचला स्तर है। इस साल 26 फरवरी के बाद से सेंसेक्स 7,685 अंक (9.34 प्रतिशत) और निफ्टी.50 सूचकांक 2,345.45 अंक (9.20 प्रतिशत) टूट चुका है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में भी बड़ी साप्ताहिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.66 प्रतिशत लुढ़क गया। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट रही। एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 12.86 प्रतिशत गिरा। अल्ट्राटेक सीमेंट में 11.51 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 11.47, मारुति सुजुकी में 11.03, बजाज फाइनेंस में 9.99, एक्सिस बैंक में 9.02, भारतीय स्टेट बैंक में 8.46, कोटक महिंद्रा बैंक में 8.33, अडानी पोर्ट्स में 7.67 और टाटा स्टील में 7.61 प्रतिशत की गिरावट रही। सप्ताह के दौरान बजाज फिनसर्व का शेयर 6.98 प्रतिशत, इटरनल का 6.96, ट्रेंट का 6.24, बीईएल का 6.14, टीसीएस का 5.76, इंडिगो का 5.61, एचडीएफसी बैंक का 4.68, इंफोसिस का 4.57 और आईसीआईसीआई बैंक का 4.50 प्रतिशत टूट गया।

### सोना एक हफ्ते में 2990 सस्ता, चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से मिडिल ईस्ट में छाए संकट के बावजूद देश में सोने की कीमत में वीकली बेसिस पर गिरावट आई है। एक सप्ताह में 24 कैरेट गोल्ड 2990 रुपये सस्ता हुआ है। वहीं 22 कैरेट गोल्ड का भाव 3650 रुपये नीचे आया है। रविवार को कीमत की बात करें, तो राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड 159810 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। मुंबई में कीमत 159660 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दूसरी कीमती धातु चांदी की कीमत में भी वीकली बेसिस पर गिरावट है और भाव 10000 रुपये नीचे आया है। 15 मार्च की सुबह चांदी की कीमत 275000 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 11,000 रुपये या 3.97 प्रतिशत गिरकर 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी का हाजिर भाव 83.14 डॉलर प्रति औंस है। इस साल जनवरी महीने में चांदी की कीमत 4 लाख रुपये के आंकड़े को क्रॉस कर गई थी।13 मार्च को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,000 रुपये या 1.21 प्रतिशत गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका कारण डॉलर का मजबूत होना और वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता है।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी में साप्ताहिक तेजी, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख देख गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,782 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 25 रुपये सस्ता होकर 2,794 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे का भाव 10 रुपये गिरकर 3,301 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दालों की कीमत में घट-बढ़ रही। सप्ताह के दौरान चना दाल औसतन 24 रुपये और मसूर दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं उड़द दाल की कीमत 36 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सूरजमुखी तेल 360 रुपये और पाम ऑयल 332 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 267 रुपये और सोया तेल की 119 रुपये बढ़ गई। वनस्पति भी 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में सप्ताह गुड़ के औसत भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। दूसरी तरफ चीनी 22 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-दाल चना 7693.81 रुपये, मसूर काली 8040.21 रुपये, मूंग दाल 10142.29 रुपये, उड़द दाल 10759.19 रुपये, तुअर दाल 11134.55 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.78 रुपये और चावल 3782.38 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3300.85 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान का...** रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका- इजरायल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं। हालांकि अराघची ने इन दावों को खारिज कर दिया है। ईरान ने रविवार को मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के कई ठिकानों को निशाना बनाकर ड्रोन अटैक किया। ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बाद भी तेल टैंकरों में तेल भरने का काम जारी है। अल जजीरा के मुताबिक वहां एक टैंकर को तेल लोड करते हुए देखा गया है। जहाजों की गतिविधि पर नजर रखने वाले प्लेटफॉर्म टैंकरट्रैकर्स के मुताबिक इलाके में और भी कई टैंकर खड़े हैं। सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा है कि 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं और 2 टैंकर अभी तेल भरने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टैंकर किस देश या कंपनी के हैं। इराक में ऑयल एक्सपोर्ट दोबारा शुरू करने को लेकर सरकार के अलग-अलग विभागों में मतभेद सामने आए हैं। इराक के तेल मंत्रालय ने कहा है कि ऑयल एक्सपोर्ट फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन कुर्द क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने फिलहाल इससे इनकार कर दिया है। तेल मंत्रालय के मुताबिक, क्षेत्र से तुर्किये के बंदरगाह जेहान तक जाने वाली पाइपलाइन के जरिये रोज करीब 3 लाख बैरल तेल भेजा जा सकता है। इसके अलावा पहले से चल रहे तेल क्षेत्रों से करीब 2 लाख बैरल तेल रोजाना एक्सपोर्ट किया जा सकता है। हालांकि प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने कुछ शर्तें रखते हुए अभी निर्यात शुरू करने से मना कर दिया है। इस पर तेल मंत्रालय ने कहा कि शर्तों पर बाद में बात की जा सकती है, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाने के लिए निर्यात जल्द शुरू होना जरूरी है।

**बंगाल, असम...** रिजार्ट भेजा था। ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिसमें भाजपा को दो और बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है। चौथी सीट के भाजपा और बीजेडी प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव 16 मार्च को होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी। खाद्य आपूर्ति मंत्री केसी पात्रा और कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि 16 मार्च के राज्यसभा चुनाव में भाजपा को चार में से तीन सीटें जीतने का भरोसा है और वोट अमान्य न हों, इसके लिए विधायकों को पारादीप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा ने डिप्टी चीफ व्हिप पीके देब को मतदान के लिए अधिकृत एजेंट बनाया है। वहीं ओडिशा विधानसभा में शनिवार को माक ड्रिल भी हुई, क्योंकि 147 सदस्यीय सदन में 84 विधायक पहली बार चुने गए हैं, इसलिए प्रशिक्षण जरूरी माना गया।

**दरोगा भर्ती...** और न ही इसका प्रश्न से कोई तालमेल है। ऐसा कृत्य किसी मानसिक विकृति से ग्रसित पेपर सेटर द्वारा जानबूझकर किया गया प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता को बिगाड़ना है। मंत्री ने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल सामाजिक समरसता को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज के एक वर्ग की भावनाओं को भी आहत करती हैं। किसी भी जाति, वर्ग या परंपरा के प्रतीक शब्दों का अपमानजनक संदर्भ में उपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। पेपर सेटिंग की प्रक्रिया अत्यंत गोपनीय होती है, ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित करना कठिन नहीं होना चाहिए। दोषी पेपर सेटर की पहचान कर उसके खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज या वर्ग के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने से पहले सौ बार सोचे। योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि हाल ही में एक फिल्म के नाम को लेकर भी इसी तरह की आपत्तिजनक स्थिति सामने आई थी।

# यूपी एसआई परीक्षा में 'पंडित' शब्द के चित्रण पर ब्राह्मणों और बटुकों का प्रदर्शन

वाराणसी, वार्ता

■ प्रश्न पत्र तैयार करने वाली कमेटी के विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के एक प्रश्न और उसके विकल्पों को लेकर विवाद गहरा गया है।

रविवार को वाराणसी के अहिल्याबाई घाट पर काशी के विप्र समाज और बटुकों ने इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विप्र समाज का आरोप है कि परीक्षा के हिंदी खंड में एक 'अत्यंत आपत्तिजनक व असंवेदनशील' प्रश्न पूछा गया। प्रश्न था- अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के लिए एक शब्द चुनें। इसके विकल्पों में पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और सदाचारी को रखा गया था। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विप्र समाज के संयोजक डा. पवन शुक्ला ने कहा कि प्रश्न का ढांचा पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। अवसर के अनुसार बदल जाने वाला व्यक्ति 'अवसरवादी' कहलाता है, लेकिन विकल्पों में 'पंडित' शब्द को शामिल करना एक विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि पंडित शब्द विद्वान, ज्ञानी और धार्मिक मर्यादा का प्रतीक है।

इसे अवसरवादिता जैसे नकारात्मक भाव से जोड़ना अनुचित और संवेदनहीन है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह जानबूझकर किया गया प्रयास है। वक्ताओं ने कहा कि यह न केवल परीक्षा की शुचिंता पर सवाल उठाता है, बल्कि सरकार की छवि को धूमिल करने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की भी कोशिश है।

प्रश्न पत्र तैयार करने वाली कमेटी और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विभागीय जांच कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस विवादित प्रश्न को आधिकारिक रूप से निरस्त कर सुधार किया जाए। साथ भविष्य में परीक्षाओं में सामाजिक संवेदनशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु सरकार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथों में तख्तियां लिए 'पुलिस भर्ती बोर्ड होश में आओ' और 'विप्र समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' जैसे नारे लगा रहे थे।

# सोने की तस्करी में शामिल छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने विदेश से सोने की तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस अभियान में 14.13 करोड़ रुपये से अधिक की सोना, चांदी और भारतीय मुद्रा जब्त की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों पर विदेशों से सोने की तस्करी, रेल मार्ग से परिवहन, अवैध संयंत्रों में उसे पिघलाने और उसमें मिलावट करने तथा घरेलू बाजार में गुपचुप तरीके से बिक्री करने के आरोप हैं। उनके पास से कुल मिलाकर, 13.41 करोड़ रुपये मूल्य का 8,286.81 ग्राम सोना, 19.67 लाख रुपये मूल्य की 7,350.4 ग्राम चांदी और 51,74,100 रुपये की भारतीय मुद्रा जब्त की गई है। मंत्रालय ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने कोलकाता से ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आए एक यात्री को रोका, जिसके पास विदेशी निशान वाला सोना था। वह यह सोना स्टेशन के बाहर एक व्यक्ति को सौंपने वाला था। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारियों के आधार पर दिल्ली में तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें दिल्ली में सोना पिघलाने के एक अवैध स्थान का पता चला। इस स्थान का उपयोग विदेशी मूल के सोने को स्थानीय बाजार में बेचने से पहले उसमें मिलावट करने के लिए किया जाता था। परिसर से अतिरिक्त सोना, चांदी और भारतीय मुद्रा बरामद की गई। उस स्थान का संचालन करने वाले प्रबंधक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 481112 वादों का किया गया निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति लखनऊ राजेश सिंह चौहान, की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। जिसमें 481112 वादों का सफल निस्तारण किया गया।

जन सामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने हेतू प्रात: 10 बजे पुराना उच्च न्यायालय लखनऊ में प्रशासनिक न्यायमूर्ति लखनऊ राजेश सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इसके जनपद न्यायाधीश लखनऊ मलखान सिंह द्वारा प्रशासनिक न्यायमूर्ति लखनऊ को स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट किया गया। इसी क्रम में डॉ0 मनु कालिया, सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं समस्त अपर जिला जज तथा नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, विशेष



न्यायाधीश, सी0बी0आई0 सेन्ट्रल, लखनऊ एवं श्री जीवक कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट बैंकों के पदा. धिकारीगण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्तागण, परा. विधिक स्वयं सेवक, नामिका अधिवक्ता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन शीतल प्रीयदर्शी, सिविल जज (सी0डि0) द्वारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर वादकारियों के स्वाथ्य हेतु न्यायालय परिसर में मेगा हेल्थ कैंम्प एवं रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ माननीय प्रशास. निक न्यायमूर्ति लखनऊ राजेश सिंह चौहान द्वारा फीता काटकर किया गया।

जनपद न्यायालय लखनऊ सहित मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण,पारिवारिक न्यायालय परिसर, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसीलों आदि में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें जनपद न्यायालय में विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट द्वारा 384 मामलें, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 4076 मामलें, विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कस्टम) द्वारा 2065 मामलें एवं अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सहित कुल 12607 मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 213 मामलें, वाणिज्यिक न्यायालय के 12 मामलें तथा पारिवारिक न्यायालय के 189 मामलों सहित न्यायालय में लम्बित कुल 19546 वादों का निस्तारण कर कुल रू 523311412 की धनराशि वसूल की गयी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व के कुल 101163 वादों, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कुल 299679 वादों, बैंक रिकवरी के कुल 1695 वादों प्रीलिटिगेशन वैवाहिक विवादों के 52 मामले तथा अन्य 58977 प्रकरणों सहित कुल 461566 मामलों का निस्तारण कर कुल रू0 136420866 की धनरा. शि वसूल हुई।

इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 481112 मामलों का निस्तारण कर कुल रूपये 659732278 की धनराशि वसूल की गई।

# इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में गूंजी भाईचारे की सदाएं

## हिन्दू-मुस्लिम एकता और अमन-शांति की दुआओं के साथ सम्पन्न हुआ पत्रकार एसोसिएशन का रोजा इफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पाक माह-ए-रमजान के मुबारक अवसर पर गंगा-जमुनी तहजीब की नगरी लखनऊ ने एक बार फिर आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता की अनूठी मिसाल पेश की।

उ.प्र. जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन एवं जश्न-ए-आजादी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य रोजा इफ्तार कार्यक्रम में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया और प्रदेश में अमन-शांति, खुशहाली तथा आपसी सद्भाव के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम का आयोजन तैयब हॉल, ऐशबाग ईदगाह में किया गया, जहां



विभिन्न धर्मगुरुओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बताया। इस अवसर पर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, जश्न-ए-आजादी के अध्यक्ष मुरल. ीधर आहूजा, वेदव्रत बाजपेई, राजेंद्र सिंह बग्गा, हरपाल सिंह जग्गी, वी बी पांडेय, संदीप पांडेय, मो अली साहिल सहित अनेक प्रख्यात हस्तियों ने शिरकत की। विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया और समाज में प्रेम, भाईचारे और एकजुटता का संदेश दिया। इफ्तार के बाद मौलाना मुश्ताक ने रोजेदारों को नमाज अदा कराई और देश की अखंडता, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने के लिए विशेष दुआ कराई। इस अवसर पर जश्न-ए-आजादी के अध्यक्ष मुरल. ीधर आहूजा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी विश्वास को और मजबूत करते हैं। जो इसकी सबसे बड़ी सफलता है और यह लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, तौसीफ हुसैन, वामिक खान, अभय अग्रवाल, संजय गुप्ता, डॉ जफर खान, मोहम्मद इरफान, नजम अहसन, समाजसेवी आरिफ ज्वेलर्स, सहित समाजसेवियों, चिकित्सकों, पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रति. निधियों एवं पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में आए सभी अतिथियों का मुरलीधर आहूजा, अजीज सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, जुबैर अहमद और तौसीफ हुसैन ने अंगवस्त्र पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, दो किशोर गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज कस्बे से सटे भगोहर स्थित लीला ट्रेडर्स के पास अयोध्या-गोंडा हाईवे पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद बाइक सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को सीएचसी पहुंचाया ,जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुये गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक बालेश्वरग. ंज गंज शनिवार को दोपहर करीब सवा दो बजे बजे अचलपुर के रहने वाले गोलू पुत्र पप्पू (14) बालेश्व. रगंज निवासी अपने दोस्त कन्हैया जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल के साथ वजीरगंज कस्बे से वापस घर लौट रहे थे।इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित महिन्द्रा ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को लीला ट्रेडर्स पेट्रोल पंप के पास राजेन्द्र धुलाई सेंटर के सामने हाईवे पर जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद दोनो बाइक समेत उछलकर कुछ मीटर दूर जा गिरे। इस हादसे में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद वहां भीड़ जुट गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक लक्की मौका पाकर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि, घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है,पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया तथा ट्रैक्टर मालिक की पहचान थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के सुल्तान जोत दर्जीकुंआ निवासी आनंद सिंह के रूप में हुई है।

# कांशीराम ने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किएः नसीमुद्दीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग पर बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम का 92वां जन्मदिवस ''बहुजन समाज दिवस अर्थात पी.डी.ए. दिवस'' के रूप में विशाल जनसभा का आयोजन कर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद आर.के. चौधरी एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने मान्यवर कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी मौजूद रहे। जिनका मौजूद नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांशीराम ने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किए, इन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति एवं 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की स्थापना की। कहा जाता है कि भारत में अम्बेडकरवाद जिन्दा है तो इसका पूरा श्रेय कांशीराम को ही जाता है। उन्होंने अपना जन्मदिन दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गो की एकता और भाईचारा के लिए समर्पित किया था। उसी को ''बहुजन समाज दिवस अर्थात पी0डी0ए0 दिवस'' कहा गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता नाहिद लारी, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, अशोक यादव, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरण सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, एस0यू0 खान 'भईया जी', त्रिवेणी प्रसाद पाल, विजय सिंह यादव, रामसागर यादव, ई0 संदीप यादव, महेश सिंह लोधी, अकरम उर्फ बब्लू, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व जिला महासचिव राषिद अली, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, ललिता राजपूत, इब्राहीम मंसूरी,



रितु अग्रवाल, हलीम खान, अरविन्द गौतम, अशफाक सिद्दीकी, अशर्फीलाल धीमान, रामनरेश पाल, नवनीत सिंह, ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, वरिष्ठ नेता श्रवण यादव, कुलदीप यादव, यशवीर लोधी, लुकमान मंसूरी, इश्तियाक अहमद, वरिष्ठ नेता भारत यादव, रामप्रकाश यादव, हरिशंकर यादव, दुर्गेष यादव 'सोनू', धीरज यादव, रामसमुझ रावत, कुलदीप यादव, विजयश्री गौतम, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, सोनीश कुमार मौर्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव, प्रदेश महासचिव शिक्षक सभा दिनेश सिंह, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा डॉ0 दिवाकर यादव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड दारासिंह यादव, प्रदेश सचिव महिला सभा सुहागवती, राजकुमारी रावत, आशा रावत, लता जायसवाल, जिला सचिव सत्येन्द्र रावत, अंकित यादव, अरविन्द गौतम, सुरेश यादव, विमल राजप. ूत, रमेश राही, फिरोज खान, रमेश राही, कुलेन्द्र यादव, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, लालाराम, चेयरमेन गनेष रावत, सुशील यादव 'गुढ्ढू', प्रवेश यादव, फन्टल जिलाध्यक्ष हारून अजीज, सालिम काकोरी, शिवकुमार टाइगर, शशिलेंद्र यादव, अंजनी प्रकाष, राजकुमार 'गुड्डन', मनोज पाल, विजय सिंह यादव, संजय यादव, राजकिशोर रावत 'राजू', जोन प्रभारी यादवेन्द्र गब्बर, मनीश यादव, शिवपूजन, दिनेश चन्द्र, राजेष सविता, करूणेश कनौजिया, सीएल यादव, विश्वनाथ, नंनलाल, रामजी, गोविन्द यादव, मुलायम यादव, शिवम 'गोलू', संध्या यादव, राजेन्द्र यादव, रंजना यादव, त्रिभुवन सिंह, शुभम यादव, सोनू चौधरी, नितिक रावत, नितुल शर्मा, उमेष यादव, गजराज सिंह, अनवर अंसारी, रामू यादव, सतीश यादव, अखिलेश भार्गव, एड0 रामनाथ रावत, लक्ष्मी यादव, मोहित पाल, मुलायम यादव, प्रदीप यादव के साथ हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्तराखंड का पावन लोकपर्व फूलदेई उत्साह और उल्लास से मनाया

**लखनऊ।** कल्याणपुर स्थित आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के मुख्यालय में उत्तराखंड का पावन लोकपर्व फूलदेई पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक इस पर्व की परंपराओं को याद किया गया। इस अवसर पर भरत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में बसंत ऋतु की शुरुआत फूलदेई पर्व से होती है। हर वर्ष मार्च माह में जब पहाड़ों में बसंत आता है, तब छोटे-छोटे बच्चे जंगलों और पहाड़ों से रंग-बिरंगे फूल लाकर घर-घर के द्वार पर सजाते हैं। फूल रखते समय बच्चे पारंपरिक गीत गाते हैं। बिष्ट ने कहा गया कि भले ही आज लोग पहाड़ों से दूर शहरों में रह रहे हों, लेकिन उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराएं आज भी उनके दिलों में जीवित हैं। इसी भावना के साथ लखनऊ सामूहिक रूप से इस पावन पर्व को मनाकर बसंत के आगमन का स्वागत किया गया। जिसमे कामना बिष्ट, भूमिका जोशी, ऋषिता सिंह, उन्नति, हांसिका गोस्वामी, आरोही, भूमिका पांडे, अंशिका, दीवा, हेमा बिष्ट इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति और परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

# सिलेंडर की किल्लत व महंगाई के विरोध में पैदल मार्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन हिन्दुस्तान के बैनर तले रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत व महंगाई के विरोध मे भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के तत्वावधान राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सलमान व राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव की अगुवाई में बढ़ती रसोई गैस (सिलेंडर) की किल्लत व महंगाई के विरोध में किसान कार्यालय दुबग्गा से सीतापुर बाईपास तक जोरदार पैदल मार्च निकालते हुए धरना-प्रदर्शन किया गया। किसानों और मजदूरों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए महंगाई कम करने की मांग की। इस दौरान दुबग्गा उपनिरीक्षक मजीद अहमद व सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपकर आम जनता और किसानों पर पड़ रही महंगाई की मार से अवगत कराया गया।

तथा यह भी कहा गैस सिलेंडर की हो रही किल्लत को दूर किया जाए जिससे आम जनता राहत मिले और गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की



जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, युवा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जमाल अंसारी, युवा प्रदेश सचिव अयान, प्रदेश उपाध्यक्ष वकार, किसान प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष महिला सभा श्वेता वैश, जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, रानी रावत,युवा जिला अध्यक्ष सैफ पठान, जिला उपाध्यक्ष प्रियांश सिंह वैश, युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद मामा, जिला उपाध्यक्ष महताब, कलीम मामा, असगर भाई, नईम भाई, अक्की भाई, नसीम गाजी, हिमांशु, रजी भाई संगीता सहित संगठन के अनेक किसान-मजदूर साथी, पदाधिक. ारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# अब नहीं कराना होगा फूड लाइसेंस का नवीनीकरण

## निर्णय का आदर्श व्यापार मंडल ने किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स के नॉर्थ जोन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय गुप्ता ने बताया कि फूड कारोबारियो को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से फूड रजिस्ट्रेशन/लाइसेंस लेना अनिवार्य होता है,

जिसका प्रतिवर्ष नवीनीकरण कराए जाने का प्रावधान है जो एक वर्ष से 5 वर्ष के लिए कराया जा सकता है। किंतु, बहुत बार व्यापारी के ध्यान से उतर जाने पर एक निश्चित अवधि के बाद लाइसेंस रद्द हो जाता था और उसे नया लाइसेंस



लेना पड़ता था जिसके लिए पुन: एक जटिल प्रक्रिया से गुजरना होता था। 10 मार्च को एक गजट के माध्यम से सरकार ने अब नवीनीकरण को समाप्त कर दिया है अर्थात अब लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन लेने के बाद उसका नवीनीकरण नहीं कराना होगा।

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने आगे बताया कि सरकार ने राहत देते हुए रजिस्ट्रेशन जो कि पूर्व में सालाना 12 लाख टर्न ओवर तक के कारोबारी पर लागू होता था, उसे बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है। तथा 5 करोड़ सालाना टर्नओवर के व्यापारी को राज्य से और 5 करोड़ से अधिक टर्नओवर के व्यापारी को केंद्र से लाइसेंस लेना होता था। इस सीमा को बढ़ाकर अब 50 करोड़ सालाना टर्नओवर तक के व्यापारी राज्य से एवं उससे अधिक टर्नओवर के व्यापारी को केंद्र से लाइसेंस प्राप्त करना होगा। स्ट्रीट फूड वेंडर्स को राहत देते हुए नए प्रावधान में नगर निगम अथवा स्ट्रीट फूड वेंडर्स एक्ट 2014 के तहत रजिस्टर्ड स्ट्रीट फूड वेंडर्स को एफएसएसए के अंतर्गत डीम्ड रजिस्टर्ड माना जाएगा। इसका प्रभाव यह होगा कि स्ट्रीट फूड वेंडर्स को दो अलग जगह अपने को रजिस्टर्ड करने और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने आगे बताया कि यह सभी प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे अत: ऐसे सभी रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस जिनकी वैधता 31 मार्च 2026 तक है फिलहाल उन्हें नवीनीकरण करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इससे व्यापारियों को बार-बार फूड रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण करने की झंझट से राहत मिलेगी।

## सात करोड़ की पेयजल योजना ठप ग्रामीण अब भी हैंडपंप के सहारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमेठी।** शुकुल बाजार के अंतर्गत केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना शुकुल बाजार विकासखंड के कई गांवों में अब भी धरातल पर पूरी तरह सफल होती नहीं दिख रही है। एक्का ताजपुर, ग्राम पंचायत में में करीब 7 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही पेयजल परियोजना वर्षो से अधर में लटकी हुई है। हालत यह है कि पानी की टंकी बनकर तैयार खड़ी है, पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी है, लेकिन अब तक नलों से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है।

# मुन्नू खेड़ा में लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल की इकाई गठित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल के अंतर्गत मुन्नू खेड़ा रोड, पारा लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के दिशा निर्देशों एवं महामंत्री उमेश शर्मा जी के नेतृत्व में किया गया।

गठन के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें गंगा प्रसाद यादव को अध्यक्ष, राजभान यादव को वरिष्ठ महामंत्री बनाया गया, हरिराम यादव को कोषाध्यक्ष दिया गया नीरज कुमार रावत, विवेक कुमार मिश्र एवं रमेश चंद मिश्र अनूप कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी क्रम में अनिल कुमार यादव सत्येंद्र यादव राकेश कुमार तिवारी एवं रामदेव यादव को महामंत्री, देवेंद्र कुमार आहूजा एवं जे. एन. सोनकर को वरिष्ठ सचिव तथा चरण सिंह यादव, अरुण कुमार यादव एवं सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को सचिव का दायित्व सौंपा गया। संगठन को सशक्त बनाने के लिए मोनू यादव को संगठन मंत्री तथा अनिल कुमार भारद्वाज एवं वीरपाल यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त परशुराम पाल, संतोष सिंह एवं तेजपाल यादव को सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं मंडल के संरक्षक के रूप में सुरेंद्र कुमार पांडे, तेजपाल यादव, अमरेश कुमार यादव, रामगोपाल यादव, आशीष यादव एवं मनीष कुमार वर्मा को घोषित किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों को संबो. धित करते हुए लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सशक्त मंच प्रदान करना है। संगठन जितना मजबूत होगा, व्यापारियों की आवाज उतनी ही प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचेगी।

# सैय्यद वजीहुद्दीन का 447 वा उर्स सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** जिला मुख्यालय से सटे कस्बा खीरी में शेख सैय्यद वाजिहुद्दीन्न रह' का 447 वा उर्स बड़ी ही धूम धाम के साथ सज्जादा नशीन सैय्यद अकील अहमद की सरपस्ती में मनाया गया।



इस अवसर पर एक नूरानी महफिल का इनकाद किया गया, जिसमें मौलाना मोहसिन ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में वली अल्लाह की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतार कर उस पर अमल करने से ही मानव का कल्याण होता है। सूफी संतों की दरगाहों में हर जाति धर्म के लोगों का कल्याण होता है, कारी अख्तर रजा, मकबूल शैदा हाफिज आफताब ने नात ओ मन कवत का नजराना पेश किया। इस अवसर पर अकीदत मंदो की भारी भीड़ मौजूद रही तथा दूर दराज से आये लोगों ने उर्स में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बड़े पैमाने पर लंगर का इंतजाम किया गया था।

# बहुजन नेता कांशीराम को दिया जाए भारत रत्नः जॉय बनर्जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने बहुजन नेता कांशीराम का जन्मोत्सव प्रदेश-व्यापी कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया और केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की। मुख्य समारोह लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जॉय बनर्जी की अध्यक्षता में हुआ, जहां केक काटकर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी।

जॉय बनर्जी ने कांशीराम के शोषित- वंचित-मजदूर समाज के उत्थान में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत सरकार को उनके कार्य को मान्यता देते हुए सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान करना चाहिए। बुद्धेश्वर महादेव धाम के महंत रामू अवतार पूरी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमकार सिंह,



सचिव अरविंद सिंह, आईटी-सेल प्रभारी आदर्श सिंह और लखनऊ जिला अध्यक्ष अंकित सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस मांग का समर्थन किया। बाराबंकी में प्रदेश अध्यक्ष (मध्य) पटेल अशोक कुमार विश्वास की अध्यक्षता में भारी उपस्थिति के बीच कांशीराम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बारा. बंकी सर्वेश रावत भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी (प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार), कानपुर (जिला अध्यक्ष विवेक रावत), रायबरेली (रमेश तिवारी), हरदोई (कंचन कुमार), अमेठी (मनीष सिंह) और सीतापुर (अवेंद्र अवस्थी) में भी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जयंती उत्साह से मनाई और भारत रत्न की मांग का एक स्वर से समर्थन किया।

शोभित सिंह, मुकेश यादव, पप्पू बाबा, सत्यम शुक्ला, अभिषेक मिश्र सहित स्थानीय नेताओं ने आयोजन को सफल बनाया। आरएलएम की यह पहल राज्य में बहुजन अस्मिता और कांशीराम की विरासत को राजनीतिक विमर्श में पुन: केंद्र में लाने का प्रयास मानी जा रही है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले गए दो युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी को दो युवक बहला फुसलाकर घर से ले गए। किशोरी के पिता ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए अपनी बेटी को बरामद कराने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि उसके घर से उसकी 15 वर्षीय पुत्री गायब हो गई। उसने तलाश की और गांव में जानकारी निकाली तो पता चला कि गांव निवासी रवि व कीरसन नामक युवक उसकी

**■ पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा**

नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगाकर ले गए हैं। जिसके बाद ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों आरो. पियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने को दबिश शुरू कर दी है।

# दूसरे देशों से पहले अपने देश की चिंता करें

## सम्भल सीओ विवाद पर राकेश टिकैत की दो टूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने संभल में सीओ द्वारा ईरान के मुद्दे पर प्रदर्शन को लेकर दी गई चेता. वनी और उस पर चल रही राजनी. तिक टिप्पणियों के बीच बड़ा बयान दिया है।

जनपद के गांव अलीपुर कलां पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि देश के लोगों को सबसे पहले अपने देश की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। दूसरे देशों में क्या हो रहा है, उससे ज्यादा जरूरी यह है कि हम अपने देश के हालात को समझें और देशहित में खड़े रहें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसे में सभी नागरिकों को देश के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। जब पूरा देश एकजुट होकर खड़ा रहेगा, तभी किसी भी परिस्थिति का बेहतर तरीके से सामना किया जा सकेगा। इस दौरान टिकैत ने डीजल, पेट्रोल और गैस को लेकर फैल रही अफवाहों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग घबराहट में डीजल-पेट्रोल जमा कर रहे हैं, जो बिल्कुल गलत है। अभी देश में डीजल, पेट्रोल और गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन अफवाहों के कारण लोग खुद ही परेशानी बढ़ा रहे हैं। राकेश टिकैत ने कहा कि गांवों में लोगों के पास वैकल्पिक ईंधन की व्यवस्था रहती है और जरूरत पड़ने पर ग्रामीण चूल्हे पर भी काम चला सकते हैं, जबकि शहरों में रहने वाले लोगों के लिए गैस अधिक जरूरी है। इसलिए आपूर्ति व्यवस्था में शहरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

# कार सवार युवकों पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** थाना क्षेत्र में कार सवार युवकों पर दिनदहाड़े फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

यह घटना 23 फरवरी 2024 को हुई थी। थाना क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी ब्रजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र जतिन और उसका दोस्त निशांत कुमार, निवासी सदरपुर, अपनी कार से रजबपुर किसी काम से गए थे। काम निपटाकर जब वे वापस गांव जा रहे थे, तो झनकपुरी में अरुण के घर के पास पहले से घात लगाए बैठे प्रियांशु पुत्र दीपक कुमार, निवासी हाफिजपुर, ने उन्हें जान से मारने की नीयत से दो फायर किए। सौभाग्य से, ब्रजपाल सिंह का पुत्र और उसका दोस्त बाल-बाल बच गए। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर 23 फरवरी 2024 को आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। रजबपुर पुलिस ने शनिवार, 14 फरवरी को आरोपी प्रियांशु पुत्र दीपक कुमार, निवासी ग्राम हाफिजपुर, थाना रजबपुर, जिला अमरोहा, जिसकी उम्र लगभग 23 वर्ष है, को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। यह तमंचा वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी से ग्राम शकरपुर की ओर जाने वाली नहर की पटरी के पास एक पॉलीथिन में लिपटा हुआ मिला था, जिसकी नाल में 315 बोर का खोखा फंसा हुआ था। यह कार्यवाही अमरोहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव और थाना प्रभारी कोमल तोमर के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा की गई।

# किसानों ने अधिकारियों को दी सात दिन की मोहलत



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत में प्रदुषण फैलाने के लिए जिम्मेदार औद्योगिक इकाईयों पर कार्रवाई के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी गई। बता दें कि मोर्चा द्वारा आज आत्मदाह

**■ भाकियू की महापंचायत में पहुंचे कई अधिकारी**

की चेतावनी दी थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए कई अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से बात की।

बता दें कि पिछले 84 दिन से भाकियू संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता धरना दे रहे हैं। किसानों का आरोप है कि औद्योगिक इकाईयों के दबाव में आकर प्रशासन क्षेत्र से लिए गए मिट्टी के नमूनों की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं कर रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर किसानों ने आज आत्मदाह की चेतावनी दी थी। हसनपुर तहसीलदार मूसाराम थारू, धनौरा नायब तहसीलदार राजपाल सिंह गंगवार, प्रदूषण नियंत्रण बिजनौर के क्षेत्रीय अधिकारी गिरीश आर्य, जल निगम के एसडीओ शहरोज आलम धरना स्थल पर पहुंच गए। वहीं सीओ अंजलि कटारिया पुलिस और अग्निशमन कर्मियों को साथ लेकर मौके पर रहीं। अधिकारियों ने किसानों से संवाद किया। किसानों ने अधिकारियों को एक सप्ताह की मोहलत देते हुए कहा कि यदि सात दिन के अंदर रिपोर्ट सार्वजनिक करके कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव दलजीत सिंह, राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, चौधरी चंद्रपाल सिंह, रामकृष्ण चौहान, सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, एहसान अली, ओम प्रकाश सिंह,रामचंद्र सिंह, होमपाल सिंह, अब्दुल रशीद, सचिन चौधरी, इमरान मंसूरी, सुनील चौधरी, शान चौधरी, मोहित चाहल, गंगाराम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, चौधरी कृष्णा देवी, नूरदेवी, दयावती देवी आदि किसान मौजूद रहे।

# सड़क पर बिखरी मैली को पुलिस ने धुलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे पर सीओ कार्यालय के निकट रोडवेज व पिकअप की टक्कर के बाद सड़क पर मैली बिखर गई। वाहनों के फिसलने से पहले ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने फायर बिग्रेड के माध्यम से सड़क पर पानी की बौछार कराके मैली को साफ कराया।

रविवार को दोपहर के समय सीओ ऑफिस के सामने यह घटना हुई। जिसके बाद मैली पर वाहन फिसलने से पूर्व ही पुलिस ने मैली पर पानी की बौछार कराते हुए साफ करवा दिया।

# धारदार हथियार से युवक को किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया। पीड़ित इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना 11 मार्च की शाम करीब 7 बजे हुई। इरशाद ने दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, वह गांव में जा रहा था तभी गांव के ही गुलाम नबी, लडडन और शमशाद ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार किया। हमले में इरशाद को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पूरे मामले में तहरीर दी और कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

## महंगाई व गैस किल्लत को दूर करे सरकार



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बाईपास रोड स्थित डॉ. आर.के. सैनी के आवास पर रविवार को जन शक्ति दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रतन सिंह सैनी ने कहा कि आज की राजनी. तिक पार्टियां जनता को जाति और धर्म के मुद्दों में उलझाकर असली समस्याओं से ध्यान भटका रही हैं। उन्होंने महंगाई और एलपीजी गैस की किल्लत पर चिंता जताते हुए सरकार से आपूर्ति व्यवस्था सुधारने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुमार सैनी ने की और संचालन रामकुमार सैनी ने किया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी नाथेराम सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामभोरी कुशवाहा, मास्टर गंभीर सिंह सैनी, मुकेश सैनी, सुखवीर सिंह सैनी, इदरीस अली, चंद्रकांत कुशवाहा, आसिम मलिक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में जन समस्याओं को लेकर तहसील स्तर पर आवाज उठाने का संकल्प लिया गया।

# रामलीला मैदान से गायब हुए जलेबी-भटूरे के ठेले

## सिलेंडर न मिलने से संचालकों का रोजगार प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने का असर अब नगर के मशहूर रामलीला मैदान के स्ट्रीट फूड बाजार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। जहां शाम ढलते ही जलेबी, छोले-भटूरे, चाऊमीन और पकौड़ी की खुशबू से पूरा मैदान महक उठता था, वहां अब सन्नाटा नजर आने लगा है। गैस संकट के चलते दो दर्जन से अधिक ठेला संचालकों में से करीब एक दर्जन ने अपना कारोबार अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। रामलीला मैदान में लगने वाले जलेबी, छोले-भटूरे, पकौड़ी, वेज बिरयानी, चाऊमीन, बर्गर और दाल टिक्की जैसे व्यंजनों के कई ठेले इन दिनों दिखाई नहीं दे रहे। मैदान में अब वही ठेले नजर आ रहे हैं, जिनमें कम गैस की खपत होती है या जो कोयले की भट्टी पर काम चलाने में सक्षम हैं। ठेला संचालक जोनी, मोनू, मनोज और तरुण का कहना है कि कई दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गैस न मिलने के कारण उन्हें मजबूरन अपने ठेले बंद करने पड़े हैं। उनका कहना है कि इससे रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है और परिवार का गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है।

# दलित-पिछड़ों की आवाज बने कांशीराम: कमाल

## सपा कार्यालय पर मनाई गई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कांठ विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि स्व. कांशीराम जी का जीवन संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है।

पार्टी के कैंप कार्यालय पर कांशीराम जी की जयंती बड़े सम्मान व श्रद्धा के साथ मनाई गई। विधायक कांठ और पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कमाल अख्तर ने कहा कि कांशीराम जी ने अपना जीवन दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की राजनीति में सामाजिक न्याय की नई धारा स्थापित की और उन लोगों को आवाज दी जो वर्षों से व्यवस्था में उपेक्षित रहे। कमाल अख्तर ने कहा कि कांशीराम जी का जीवन संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से दलितों, पिछड़ों और गरीबों के उत्थान के लिए संघर्ष करती रही है। इस अवसर पर नवल कुमार, ऋषिपाल प्रधान, शेखर जाटव, अखिलेश जाटव, सचिन आर्य, आरिफ अख्तर, युसूफ कुरैशी, शाहनवाज अंसारी, साजिद खान, वदर कुरैशी, युसूफ प्रधान, जावेद जरताब, पप्पू जाटव, सर्वेश जाटव, कोशिंदर जाटव, गुरमीत जाटव, पवन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पपसरा खादर में ग्रामीण को लाठी डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक ग्रामीण को पड़ोसियों ने लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर निवासी भूरे पुत्र सकुवा का आरोप है कि 13 मार्च को शाम सात बजे उसके साथ पड़ोसी करतार व उ सके पुत्र कुलदीप ने सुमित के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीरा के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हवा के साथ हुई बारिश ने बढ़ाई ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण खराब हुए मौसम में बार फिर से ठंड का अहसास करा दिया। रविवार के तड़के से ही आसमान में गर्जना शुरू हो गई। दिन निकलने के बाद तेज हवा चलने लगी तथा उसके साथ बारिश भी होने लगी। जिससे ठंड हो गई तथा कुछ लोगों ने गर्म कपड़े निकाल कर उन्हें पहन लिया। तेज हवा के साथ बारिश होने से खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर ढहा गई। जिसे देखकर कुछ किसानों ने तो अपना सर पकड़ लिया। मौसम गर्म होने के कारण लोगों ने अपने गर्म कपड़ों को रख दिया था। लेकिन बारिश व तेजाबहवा चलने के कारण बढ़ी ठंड ने एक बार फिर गर्म कपड़ों को बाहर निकालने के लिए मजबूर कर दिया।

# श्रद्धा से मनाया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

## भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने टेका माथा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लॉक के ग्राम गंदूपाल स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार साहिब में रविवार को दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व को समर्पित तीसरा गुरमत समागम श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कीर्तन और कथा के माध्यम से संगत को गुरु इतिहास से अवगत कराया गया। भाई गुरविंदर सिंह, बीबी हरविंदर कौर और ज्ञानी मंजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। समागम के बाद गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया।

समारोह में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने गुरुद्वारे में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह पिंटू, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चीमा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बाद में टिकैत ने कौराला निवासी नरेश पाल सिंह के आवास पहुंचकर उनके पुत्र के निधन पर शोक संवे. दना भी व्यक्त की।

# बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देकर बनाएं आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** ऑल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा हुई। राष्ट्रीय संस्थापक एमएस ठाकुर ने कहा की अधिक उम्र में शादी करने से बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अधिक उम्र वाली शादी से प्रजनन क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है साथ ही एक जेनरेशन गैप बनता है जिसमें आपस में तालमेल बिठाना बड़ा मुश्किल काम हो जाता है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन ने कहा की अभी बच्चों के शिक्षा सत्र का समापन हुआ है और नए सत्र में प्रवेश लेना है इसलिए सभी को बच्चों की क्षमता के अनुसार कोर्स का चयन कर और उनको ऐसी शिक्षा दिलाने का प्रयास करना चाहिए जो कि रोजगार परक हो। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक गिरधारी लाल सेन, सुरेश चंद्र शर्मा, मांगेराम सेन, राजकुमार गवली, कुंज बिहारी, सविता, सीमा राउत, मंजू लता सेन, रघुवीर शरण, श्रीवास देवी प्रसाद, राजेंद्र सेन, देवी प्रसाद, शिवकुमार बंसल, दिलीप आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक गिरधारी लाल सैन ने जबकि संचालन राष्ट्रीय महासं. चव सुरेश चंद्र शर्मा ने किया।

## पुलिस भर्ती के पेपर में पूछेगये सवाल पर जताया आक्रोश

# ब्राह्मण समाज की छवि धूमिल करने का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र में एक विकल्प को लेकर ब्राह्मण समाज और राष्ट्र सेवी संगठन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। रविवार को क्षेत्र के ग्राम नगलिया मुंशी स्थित होली चौक पर एकत्र होकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित दरोगा भर्ती परीक्षा के हिंदी खंड में एक मुहावरा पूछा गया था- 'अवसर के अनुसार बदल जाने वाला।' आरोप है कि इसके उत्तर के एक विकल्प के रूप में 'पंडित' शब्द का प्रयोग किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह न केवल आपत्ति. जनक और संवेदनशील है। बल्कि जानबूझकर ब्राह्मण समाज की छवि को धूमिल करने और अपमानित करने का प्रयास है। संयोजक ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में भी 'घूसखोर पंडित' जैसी वेब सीरीज के माध्यम से समाज को निशाना बनाया गया था। उन्होंने याद दिलाया कि समाज हित में अपनी अस्थियों का दान करने वाले महर्षि दधीचि (संभवत: वशिष्ठ के संदर्भ में भावार्थ) और राष्ट्र निर्माण में आचार्य चाणक्य का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे गौरवशाली इतिहास वाले समाज के लिए इस तरह की शब्दावली का प्रयोग 'नीच हरकत' है। संगठन ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रश्न पत्र तैयार करने वाली समिति और जिम्मेदार अधिकारियों की निष्पक्ष जांच हो। धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को आहत करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस दौरान भारतीय किसान संघ के प्रांत गन्ना मंत्री महिपाल सिंह, कैलाश सिंह एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, पीतम सिंह, सुखदेव शर्मा, अल्पेंद्र, मनोज और राकेश सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईद की तैयारियां जोरों पर, बाजारों में उमड़ रही भीड़

## महिलाओं में खरीदारी को लेकर उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** रविवार को 25 वां रोजा मुकम्मल हो गया। 29 का चांद हुआ तो शुक्रवार और अगर 30 का हुआ तो ईद शनिवार की होगी। ऐसे में अब सिर्फ चार यां पांच दिन बचे हैं लिहाजा ईद की तैयारियां भी एकाएक ही जोर पकड़ गई हैं। कपड़े, जूते व अन्य घरेलू सामान के साथ लोग खाद्य पदार्थों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं बहुत से रोजेदार ईद पर बाइक, कार व अन्य इलेक्ट्रिक आइटम खरीद रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक महिलाओं में खरीदारी को लेकर उत्सुकता है। आने वाले पांच दिन अब बाजार में भीड़ रहेगी। भीड़ के चलते इस बार बेहतर कारोबार की उम्मीद है। वहीं, सौंदर्य प्रसाधन व चूड़ी आदि की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। फिलहाल अगले चार-पांच दिन लगातार जारी रहने वाले खरीदारी दौर के व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

## रमजान का आखिरी अशरा जहन्नुम से आजादी



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** रमजानुल मुबारक अल्लाह तआला की बहुत बड़ी नेमत है। यह वह मुबारक महीना है जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर रहमत, मगफिरत और जहन्नम से आजादी के दरवाजे खोल देता है। नगर की मस्जिद कुरैशियान के खतीब व इमाम मुफ्ती नाजिर रजा ने लोगों को खिताब फरमाते हुए कहा कि रमजानुल मुबारक का महीना बड़ी फजीलत वाला है। हदीस शरीफ में आता है कि रमजान का पहला हिस्सा रहमत, बीच का हिस्सा मगफिरत और आखिरी हिस्सा जहन्नम से आजादी का है। आज हम रमजान के आखिरी अशरे में हैं और यह अशरा बहुत ही मुबारक और अहम है। सहीह बुखारी में हदीस में आता है कि जब रमजान का आखिरी अशरा आता तो नबी करीम इबादत में बहुत ज्यादा मेहनत करते, रातों को जागते और अपने घर वालों को भी इबादत के लिए जगाते थे। इससे मालूम हुआ कि आखिरी अशरे में इबादत और ज्यादा करनी चाहिए।

# भाजपा के नेता ब्राह्मणों को अपमानित और नीचा दिखाने में जुटेः शिवपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछले छह महीने से ब्राह्मणों को अपमानित और नीचा दिखाने में जुटी हुई है।

इटावा मुख्यालय के कृष्णा गार्डन में काशीराम जयंती समारोह में शामिल होने आए शिवपाल ने उप्र दरोगा पुलिस परीक्षा में पंडित नाम से पूछे गए सवाल को लेकर कहा कि पिछले 6 माह से हम देख रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ब्राह्मणों को अपमानित करने और नीचा दिखाने में जुटी हुई है। उन्होंने इशारा किया कि ब्राह्मण वर्ग कहीं ना कहीं समाज में एक अलग पहचान के लिए जाना जाता है लेकिन जिस तरह से पिछले छह माह से भाजपा में ब्राह्मणों को अपमानित किया जा रहा है कि इससे निश्चित है कि ब्राह्मण वर्ग भाजपा से अलग होकर के अपनी एक राह बनाएगा। श्री यादव ने कहा कि



भारतीय जनता पार्टी भगवान राम का धोखा देकर अपमान करने में जुटी हुई है। भगवान राम के राज में कभी भेदभाव नहीं था लेकिन भाजपा के राज्य में हर वर्ग में भेदभाव ओर झूठ का बोल बाला दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि बहुजन समाज से जुड़े हुए लोगों के बीच जाएं और उनको सरकार की करगुजारियां बात करके अपने पक्ष में खड़े करने का काम करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जाति बहुजन समाज और सभी पीडीए वर्ग से जुड़े हुए लोगों को एकजुट करके 2027 में समाजवादी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं। उन्होंने कहा कि बहुजन जननायक काशीराम के जन्म दिवस पर हम सभी नमन करते हैं और याद करते है। जीवन में।बहुजन समाज को नया मुकाम देने को कांशीराम जी ने बहुत बड़ा संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने बहुत अच्छा संविधान बनाया जिसका फायदा हर वर्ग को मिल रहा था लेकिन केंद्र राज्य में भाजपा की सरकार बनते है संविधान को तोघ जाना शुरू कर दिया गया। संविधान के अनुरुप देशवा. सियों को बहुत कुछ मिलना चाहिए था लेकिन भाजपा राज में संविधान के अनुरूप कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा तो भगवान राम को भी धोखा देना का काम करते हैं सबकी दुर्दशा हो रही है।

### दारोगा भर्ती परीक्षा के प्रश्न को लेकर उठा विवाद जनप्रतिनिधियों ने जताया विरोध

**गोंडा/बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में दारोगा भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र में एक जाति विशेष से जुड़ा प्रश्न पूछे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी तथा अन्य दलों के नेताओं ने सवाल उठाए हैं। गोंडा जिले की कटरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बावन सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संबंधित प्रश्न को हटाने और परीक्षा निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ष्सबका साथ, सबका विकासष के नारे का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे जातिगत प्रश्नों से एक विशेष समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रश्नपत्र तैयार करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की भी मांग की है।

# 17 से गेहूं की खरीद पर डंप पड़ा 3200 क्विटंल धान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** 17 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू होनी है लेकिन साधन सहकारी समिति तेंदुआ कला में 3200 क्विटंल धान डंप पड़ा हुआ है। जो किसानों से खरीदा गया था। आरोप है कि दो माह बाद भी खरीदे गए धान को मिलर उठा ही नहीं रहे हैं।

ऐसे में शुरू होने के पहले ही गेहूं खरीद पर संकट खड़े होने लगे हैं। साधन सहकारी समिति के केंद्र प्रभारी ने कई बार यूपीएसएस के जिला प्रबंधक को पत्र भेजकर समिति परिसर में डंप धान के उठान की मांग की, लेकिन कुछ नहीं किया गया। बता दें कि मेजा विकास खंड के साधन सहकारी समिति तेंद. ुआ कला में धान क्रय केंद्र बनाया गया था। यहां पर धान की खरीद 8239 क्विंटल की गई थी जिसमें 3200 क्विंटल धान का मिलर द्वारा उठान ही नहीं किया गया। जिससे दो माह बाद भी साधन सहकारी समिति तेंदुआ कला के कैंपस में धान डंप पड़ा हुआ है। साधन सहकारी समिति तेंदुआ कला के केंद्र प्रभारी आलोक त्रिपाठी ने बताया कि कई बार लिखित शिकायत के बाद भी धान का उठान नहीं किया गया। जिससे समिति के परिसर में धान डंप पड़ा हुआ है। दो माह बाद भी खरीदे गए धान का उठान न होने से साधन सहकारी समिति तेंदुआ कला का परिसर भरा है। धान उठान के लिए यूपीएसएस के प्रबंधक से वार्ता की गई है। धान खरीद के बाद भी किसानों को उनको समर्थन मूल्य का भुगतान न होने की शिकायत पर सहायक आयुक्त एंवं सहायक निबंधक सहकारिता ने नाराजगी जताई है। उन्होंने यूपीएसएस के जिला प्रबंधक उपेंद्र मिश्रा को पत्र भेजकर कहा कि है कि तत्काल धान की डिलिवरी संबंधित मिलर को कराते हुए देय सीएमआर का शत प्रतिशत प्रेषण केंद्रीय पूल में कराना सुनिश्चित करें। धान खरीद के बाद भी कई किसानों का दो माह बाद भी भुगतान नहीं हो सका है। ऐसे में कई किसान क्रय केंद्र का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। चिलबिला गांव के किसान संतोष शुक्ला ने बताया कि साधन सहकारी समिति शुक्लपुर में धान बेंचा था। अभी भी 35 क्विंटल धान का समर्थन मूल्य नहीं मिल सका है। अटखरिया गांव के किसान संगम लाल पांडेय ने बताया कि 60 क्विंटल धान का पैसा नहीं मिल सका है। इसी प्रकार किसान अरूण कुमार, रजऊ पांडेय ने भी समर्थन मूल्य न मिल पाने पर गहरी नारा. जगी जताई है। साधन सहकारी समिति तेंदुआ कला में खरीदे गए धान अब तक डंप पड़े हैं।

# सपा मुखिया की देशभक्ति पर संदेहः डिप्टी सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर कडा प्रहार करते हुए कहा कि वे देशद्रोही तो नहीं है, पर उनकी देशभक्ति पर संदेह जरूर है।

ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण देश और दुनिया ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। इस संकट से पहले जहां रोजाना 50-55 लाख गैस सिलिंडर बुक होते थे, अब यह आंकड़ा 88 लाख तक पहुंच गया है। अखिलेश यादव और या राहुल गांधी दोनों ही माहौल खराब करने और अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं। उनके बयानों से देश में दहशत फैल रही है। जनता उन्हें सबक सिखाएगी। केशव प्रसाद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी सत्ता से बाहर होने वाली है और भाजपा सत्ता में आ रही है। भाजपा के पक्ष में बने माहौल ने टीएमसी को हिलाकर रख दिया है। इसलिए वे आक्रामक रुख अपना रहे हैं, मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त हैं, लेकिन जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। केशव प्रसाद मौर्य रविवार को परेड ग्राउंड में आयोजित सरस मेले में मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

# श्री सत्य साई सेवा संगठन का निःशुल्क शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का दिव्य सन्देश की श्मरीज अस्पताल जाए बल्कि अस्पताल ही मरीज तक पहुंचे इस सन्देश को चरितार्य करते हुए आज भगवान के पावन आशीर्वाद से श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश व श्री सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद व राजकोट, जिन्होंने इस वित्तीय वर्ष में पूरे भारत में 6 हृदय रोग निदान शिविर आयोजित किए और 1500 से ज्यादा सफल ऑपरेशन्स पूर्णता निशुल्क रूप से किए, के सहयोग से , रविवार को चांसलर क्लब, आशियाना, लखनऊ में द्वितीय हृदय रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया।

भगवान श्री सत्य साई बाबा की दिव्य उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ इस शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर डॉ. मनोज भीमानी,



निदेशक, श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, गुजरात, डॉ. विजय अग्रवाल, प्रख्यात बाल शल्य चिकित्सक सचिन नेब, प्रदेश अध्यक्ष, श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश तथा धनंजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व प्रदेश के अन्य जिलों से आए साई भक्तों द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान, उच्च न्यायालय, लखनऊ ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने उध्द्बोधन में भगवान श्री सत्य साई बाबा की शिक्षाओं एवं मानवता के कल्याण हेतु प्रारंभ की गई उनकी विभिन्न सेवाओं और परोपकारी परियोजनाओं का उल्लेख किया। डॉ. मनोज भीमानी, निदेशक, श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, गुजरात ने अपने राम्बोधन में आये हुए उपस्थित जनों व रोगियों को अस्पताल द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क व्यवस्थाएं व सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। तत पश्चात् संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन नेब ने अपने सम्बोधन में इस शिविर के आयोजन में संगठन के साई भक्तो दवारा किए गए प्रयासी की प्रशंसा की और उनको प्रोत्साहित किया। श्री सत्य साई सेवा संगठन, लखनऊ के जिला अध्यक्ष अजय कपूर के घ्द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि गण, राजकोट व अहमदाबाद से आये हार्ट हॉस्पिटल के सभी चिकित्सक, प्रदेश श्री सत्य साई सेवा संगठन के सभी सेवाकलौ एवं उपस्थित मरीज व आये हुए उनके परिवार जन को धन्यवाद ज्ञापित किया। भगवान की मंगल आरती के साथ यह शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ रही है पीएनजी की मांग

**प्रयागराज।** एलपीजी गैस की किल्लत के चलते अब पीएनजी कनेक्शन में इजाफा होने लगा है। ऐसे में देखा जाए तो एक महीने के भीतर पीएनजी के करीब 250 नए कनेक्शन हुए हैं। इतना ही नहीं लगभग 1200 लोगों ने पीएनजी के नए कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर दिया है। इस प्रकार, अगले एक महीने में करीब 2500 से अधिक नए कनेक्शन का अनुमान है। वर्तमान में जनपद में इंडियन ऑयल अडानी गैस की लाइन का विस्तार हो रहा है। सिविल लाइंस, मम्फोर्डगंज, झूंसी, नैनी, बमरौली, कालिंदीपुरम, झलवा सहित कई अन्य इलाकों में करीब 30 हजार घरों में पीएनजी की लाइन गई हुई है। वहीं, एलपीजी सिलिंडर की किल्लत का फायदा पीएनजी को मिलता नजर आ रहा है। जिन इलाकों से पीएनजी गैस की लाइन गई है, वहां के लोगों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा कुछ लोग सिविल लाइंस स्थित पीएनजी कार्यालय में जानकारी लेने भी पहुंच रहे हैं। पीएनजी कनेक्शन के लिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन होता है। जिसके लिए खुद भी साइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं या फिर संस्था का सदस्य डिजिटल रजिस्ट्रेशन करने के लिए आता है। कनेक्शन के लिए आवेदक के आधार और बिजली के बिल की आवश्यकता होती है। कनेक्शन की कुल 7018 रुपये फीस है। इनमें सात हजार रुपये वापस मिल जाता है। इसके अलावा 2118 रुपये जमा करके किस्तों में बाकी शेष भुगतान किया जा सकता है। यह भुगतान अगले 10 बिल में 500-500 रुपये के हिसाब से होता है। वहीं, 1118 रुपये जमा करने पर 50 रुपये हर महीने बिल में जुड़कर आएगा। इस स्कीम में जमा रुपये वापसी का प्रावधान नहीं है। वहीं, पीएनजी गैस का 51.5 रुपये प्रति एससीएम (स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर) के हिसाब से प्रत्येक दो महीने में चार्ज लिया जाता है। भारत सरकार की तरफ से यह सुनिश्चित किया गया है कि पीएनजी व सीएनजी की समस्या भविष्य में नहीं होगी। वहीं, एक महीने के भीतर 250 नए कनेक्शन और 1200 से अधिक आवेदन हुए हैं। - पंकज कुमार, एसोसिएट मैनेजर, इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड।

### जंक्शन पर उमड़ी परीक्षार्थियों भीड़

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश दरोगा भर्ती परीक्षा के पहले दिन का समापन होते ही परिवहन संसाधनों पर भारी दबाव देखने को मिला। शाम होते ही प्रयागराज जंक्शन और बस अढ्डों पर परीक्षार्थियों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि तिल रखने की भी जगह नहीं बची। स्थिति को संभालने के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाईं, लेकिन परीक्षार्थियों की पहली पसंद नियमित ट्रेनें ही बनी रहीं। नेताजी एक्सप्रेस, महानंदा, सीमांचल और चौरीचौरा जैसी ट्रेनें स्टेशन पर आते ही चंद सेकंड में भर गईं। नियमित ट्रेनों में आरक्षित कोचों से लेकर जनरल बोगियों तक में पैर रखने की जगह नहीं बची। जब नियमित ट्रेनों में जगह नहीं मिली, तब परीक्षार्थियों ने स्पेशल ट्रेनों का रुख किया। इस दौरान ट्रेनों में घुसने को लेकर हुई धक्का मुक्की से महिला अभ्यर्थियों को दिक्कत हुई। आरपीएफ और रेलकर्मियों को स्थिति संभालने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। कानपुर रूट की ट्रेनों में सबसे ज्यादा भीड़ रही। दूसरे शहरों से आने वाली ट्रेनों में भी काफी परीक्षार्थी सवार थे जिससे स्थानीय यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से प्रयागराज के बीच चार स्पेशल ट्रेनों का आवागमन हुआ। इसके अलावा बांदा से मानिकपुर, कानपुर से झांसी, हिसाब से अलीगढ़ एवं अलीगढ़ से हिसार के बीच भी स्पेशल ट्रेनों का संचालन हुआ। कानपुर से फतेहपुर जाने वाली मेमू को जंक्शन तक चलाया गया। यूपी रोडवेज की बसों का भी बुरा हाल रहा। शाम को विद्या वाहिनी मैदान स्थित बस स्टेशन पर भीड़ का दबाव बन गया। फतेहपुर, कानपुर, अयोध्या, वाराणसी, आजमगढ़ और जौनपुर रूटों पर चलने वाली बसें स्टैंड से ही पूरी तरह पैक होकर निकलीं। शहर में प्रवेश करने वाली बसों में भी परीक्षार्थियों की संख्या काफी अधिक रही, जिससे यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ा। इस दौरान विद्या वाहिनी से वाराणसी एवं गोरखपुर रूट की बसें चलने से परीक्षार्थियों को राहत मिली। क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कई रूटों पर बसों के अतिरिक्त फेरे भी लगे। रविवार को भी बसों के अतिरिक्त फेरे लगेंगे।

### आज से होगी परिषदीय स्कूलों में परीक्षा

**प्रयागराज।** परिषदीय स्कूलों में पढ रहे बच्चों की वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से प्रारंभ होगी, जो 20 मार्च तक चलेगी। मूल्यांकन का काम भी परीक्षा के साथ ही होगा। कक्षा एक में मौखिक, जबकि दो से पांच तक के बच्चों को लिखित और मौखिक दोनों तरह से परीक्षाएं देनी होंगी। जनपद के 2832 परिषदीय स्कूलों में 03 लाख 17 हजार बच्चे पढ़ाई पंजीकृज है। 30 मार्च को छात्र व अभिभावकों के साथ बैठक में रिपोर्ट कार्ड दिए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा के लिए जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मॉडल प्रश्न पत्र तैयार कर बीएसए को उपलब्ध कराया जाएगा। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि छपाई कराकर 15 मार्च तक संबंधित ब्लॉक के बीईओ के माध्यम से विद्यालयों में पेपर भेज दिए जाएंगे। कक्षा दो, तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 50-50 अंकों और चार व कक्षा पांच में लिखित व मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 70 और 30 अंकों का रहेगा। कक्षा छह से आठवींरिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 16 से 20 मार्च तक होंगी। मूल्यांकन का काम भी परीक्षा के साथ ही होगा। कक्षा एक में मौखिक, जबकि दो से पांच तक के बच्चों को लिखित और मौखिक दोनों तरह से परीक्षाएं देनी होंगी।

# कांशीराम मां का जीवन बहुजन समाज के उत्थान में बीताः राजेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन नायक, सामा. जिक न्याय के योद्धा, समाजवाद के पुरोधा, दलितों, पिछड़ों और गरीबों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर देने वाले मान्यवर कांशीराम की 92 वीं जयंती रविदास मंदिर चिनहट लखनऊ में चिनहट प्रथम वार्ड की तरफ से वरिष्ठ समा. जवादी नेता यादवेंद्र प्रताप सिंह 'गब्बर' एवं समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के लखनऊ जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के सौजन्य से मनायी गयी। इस अवसर पर मान्यवर कांशीराम की पुण्य स्मृतियों को नमन करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके व्यक्तित्व व ख्र तित्व पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए सपा नेता डी.पी.यादव ने कहा कि कांशीराम का सामाजिक न्याय का सपना अभी अधूरा है, मान्यवर कांशीराम के सपने को समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव पूरा करेंगे। सपा नेता यादवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करते हुए बहुजन समाज की सोई हुई कौम को जगाने का काम किया अब बहुजन समाज का कर्तव्य है कि वह कांशीराम जी के द्वारा किए गए संघर्ष को याद करते हुए उनके सपनों को पूरा करे। गोष्ठी में वरिष्ठ समाजसेवी लालाराम, जितेन्द्र यादव, चिनहट द्वितीय वार्ड के अध्यक्ष शुभम यादव, सोशलिस्ट लीडर रामेंद्र यादव, सूरज यादव एवं डॉ. मनोहर कुश्वाहा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर मान्यवर कांशीराम जी की पुण्य स्मृतियों को नमन करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में लोहिया वाहिनी लखनऊ के जिला उपाध्याय आशीष शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मान्यवर कांशीराम के बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने का आग्रह किया। गोष्ठी का संचालन सपा नेता प्रवक्ता डी.पी. यादव ने किया।

### जर्जर हुआ पीएचसी, भटक रहे मरीज

**प्रयागराज।** विकासखंड बहरिया के बादलपुर गांव में बना उप स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) वर्षों से जर्जर है। देखरेख के अभाव में भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। जिस वजह से क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं, चार हजार की आबादी वाले गांव के लोगों को निजी डॉक्टरों के पास इलाज के लिए जाना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार यह उप स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2012 में बनकर तैयार हुआ था। लेकिन देखरेक के अभाव में भवन की हालत जर्जर हो गई। उप स्वास्थ्य केंद्र के पास आरोग्य मंदिर बनाया गया है, जहां एएनएम बैठती हैं पर पीएचसी में नियमित रूप से इलाज नहीं होता है। बादलपुर गांव के ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# राजनाथ से मिले बीबीएयू के कुलपति, विश्वविद्यालय की प्रगति पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्व. विद्यालय (बीबीएयू) के कुलपति प्रो- राज कुमार मित्तल ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं आधारभूत संरचना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर राजनाथ ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा समाज के प्रति विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका जैसे विषयों पर भी सकारात्मक और सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अवसर मिल सकें।

# नव भारत साक्षरता मिशन को मिली रफ्तार 100 से अधिक प्रतिभागियों ने दी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** नव भारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन रविवार को विकास खण्ड शुकुल बाजार में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। परीक्षा का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला के निर्देशन में किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साक्षर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया। परीक्षा के लिए चार केन्द्र निर्धारित किए गए थे,

जिनमें सीएस ठाकुरगंज इंदरिया, सीएस बुबुपुर, सीएस मरदानपुर तथा पीएस महोना पश्चिम प्रथम शामिल रहे। इन केन्द्रों पर क्रमशः सूरज प्रकाश, आलोक कुमार द्विवेदी, नासिर हुसैन एवं राकेश देव पाण्डेय को केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया था। सभी केन्द्रों पर विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग से परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा की निगरानी के लिए एआरपी कमल कुमार शर्मा (न्याय पंचायत मरदानपुर), संदीप यादव व दीप चंद्र कश्यप (न्याय पंचायत पाली) तथा अभिजीत श्रीवास्तव (न्याय पंचायत महोना पश्चिम) को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन सभी ने केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को सुचारु, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया।इस अवसर पर खण्ड शिक्ष अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला ने परीक्षा कार्य में सहयोग करने वाले सभी केन्द्र प्रभारियों, एआरपी, शिक्षकों एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर हरदोई बॉर्डर के निकट चल रहे अवैध खनन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन समेत चार ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।

इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हरदोई बॉर्डर पर अवैध रूप से मिट्टी/मौरंग खनन किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सूचना मिलने पर खनन प्रांजुल सिंह अधिकारी व पुलिस चौकी गंज मुरादाबाद के इंचार्ज अनिल साहू पुलिस बल के साथ देर रात मौके पर पहुंचे।

टीम को देखते ही खनन में लगे लोगों में भगदड़ मच गई। सभी लोग मौके से फरार हो गए । प्रशासन ने मौके पर खड़ी एक जेस. ीबी मशीन और चार ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में ले लिया।

# कटान माफिया उजाड़ रहे हरियाली पुलिस और वन विभाग कर रहा अनदेखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** एक तरफ जहां सरकार जीवन जीने के लिए पर्यावरण बचाने और बसाने के लिए करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाते हुए प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण कराती कि हरियाली बसी रहे,

तो वहीं जनपद के तहसील तिलोई में आने वाला जायस कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को लकडकटा माफियाओं ने खूब धड़ल्ले से हरियाली पर आरा और मशीन चला कर हरियाली को धराशाई कर उजाड़ने में लगे रहे घंटो भर में पांच पेड़ काटकर जमीन पर बिछा दिया जबकि पेड़ कटान कोतवाली के करीब एक किलोमीटर रेलवे पटरी के पास अवैध तरीके से लकड़कटा माफिया हरियाली को मिटाने पर लगे थे जिसमें पुलिस और वन विभाग की मिली भगत बताई जा रही लेकिन तमाम फजीहत के बाद विभाग जागा और मौके पर जिम्मेदार पहुंचे कटी लकड़ी को जप्त करते हुए कार्यवाही में लग गए मामला तिलोई तहसील में आने वाली कोतवाली जायस क्षेत्र का है जहां पांच हरे भरे महुआ के पेड़ों को काटकर जमीन पर गिरा दिया गया।

# रोजा इफ्तार कराकर दी गंगा जमनी तहजीब की दी मिसाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला चौघडा़ स्थित अपने निवास पर प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल यादव ने सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर तथा क्षेत्र से बड़ी संख्या में रोजेदार और गणमान्य लोग शामिल हुए।

इफ्तार से पहले फिरोज अहमद सिद्दीकी ने रोजे की अहमियत और उसकी फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है।



उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को बुराइयों से दूर रहने और नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है। इफ्तार के समय सभी रोजेदारों ने एक साथ खजूर और पानी से रोजा खोला। आयोजक रामपाल यादव ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। गौरतलब है कि नगर एवं क्षेत्र मे पहली बार श्री यादव ने वर्ष 1992 में सामूहिक रोजा इफ्तार की परंपरा शुरू की थी, जो आज तक पदस्तूर जारी है इफ्तार मे मोहम्मद शफीक, महेश, रेहान अहमद, शाहनवाज, ल ईक खान, अली हुसैन, शादाब खान एडवोकेट आदि सहित तमाम लोग शामिल हुए। आयोजन में चंद्रकांती यादव का सराहनीय योगदान रहा।

सूचना
प्रयागराज (इलाहाबाद) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
अश्वनी कुमार श्रीवास्तव
(प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 9415351850
कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर (नवादा), प्रयागराज
email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# बांजरपुर शिव मंदिर मार्ग का निर्माण शुरू

■ जेवर में 1.21 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा नया संपर्क मार्ग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में बांजरपुर गांव से प्राचीन शिव मंदिर तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य रविवार को विधिवत शुरू हो गया। इस मार्ग के निर्माण पर लगभग 1.21 करोड़ रुपये की लागत आएगी। गांव की महिलाओं ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।

इस सड़क के बनने से आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा होगी। यह मार्ग स्थानीय आवागमन को भी सुगम बनाएगा। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इस सड़क से दर्जनों गांवों के लोगों को प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंचने में आसानी होगी।

विधायक धीरेंद्र सिंह ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर भी क्षेत्रवासियों में उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और पूरे उत्तर भारत के विकास का नया द्वार साबित होगा।

धीरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि एयरपोर्ट के शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा और जेवर की पहचान वैश्विक स्तर पर मजबूत होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर अधिक संख्या में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करें।

## हादसे में आईटी कर्मचारी सहित दो घायल

**नोएडा।** शहर की विभिन्न कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में आईटी कर्मचारी सहित दो लोग घायल हो गए। आशीष रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि उनका पुत्र दिव्यांशु रंजन श्रीवास्तव बीटा-1 क्षेत्र में रहता है। बीते गुरूवार को बेटे ने अपने घर से सेक्टर-161 स्थित माइंड फोर्स कंपनी में काम जाने के लिए उबर बाइक सेवा बुक की। सेक्टर-146 के पास पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक चालक और उनका बेटा घायल हो गया। दिव्यांशु फेलिक्स अस्पताल में वेंटिलेटर पर है। दूसरे मामले में मिगसन अल्टिमो सोसाइटी निवासी अरुण कुमार मिश्र ने सूरजपुर कोतवाली में पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को वह अपनी कार से अपनी बेटी को लेकर रशाम सेंटर की ओर जा रहे थे। गोदरेज गोल चक्कर के पास पीछे से आए ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया।

# प्राइवेट बसों के आगे पस्त हुआ रोडवेज मुख्यालय को लौटाई 10 मिनी डीजल बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में जहां एक ओर शासन स्तर से लेकर प्रशासन की ओर से सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को मजबूत किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से 10 मिनी डीजल बसें सड़कों पर उतरने से पहले ही मुख्यालय को लौटा दी गई हैं। इन बसों का संचालन नोएडा, गाजियाबाद व बुलंदशहर के रूट पर प्रस्तावित था। इसके चलते जिलेवासी मिनी बसों की सुविधा से वंचित हो गए हैं। परिवहन निगम के अधिकारियों का आरोप है कि शहर के मुख्य चौराहे परी चौक पर निजी बसों की मनमानी से निगम की बसों के लिए सवारियों का संकट बढ़ गया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन से नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो को कुल 10 मिनी डीजल बसें उपलब्ध कराई गईं थी। इनके संचालन नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर के



अलावा अन्य रूट पर करने के लिए सर्वे किया गया था।बसों के संचालन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। रोडवेज के अधिकारियों का आरोप है कि ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर निजी बसों का बोलबाला अधिक है। यहां से निगम की बसों में सवारियां बैठाने को जूझना पड़ता है। निजी बस संचालक सर्विस रोड के अलावा मुख्य चौराहे के पास बस खड़ी कर भी सवारियां बैठा लेते हैं। जबकि परिवहन निगम की बसों को परीचौक के मुख्य मार्ग से होकर गुजरने पर प्रतिबंध है। ऐसे में निगम की संचालित बसों से इनकम की बजाय नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**सीएनजी बसों की संख्या में भी हो सकती है कटौती:** आरोप लगाया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से निजी बसों की मनमानी की शिकायत भी की गई है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार निजी बस संच. ालक बिना मानकों के सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं और कम दाम में सवारियां ढो रहे हैं। इसके चलते उन्हें शासन से मिली 10 मिनी डीजल बसों को वापस भेजना पड़ा है। स्थिति को देखते हुए लगता है कि जल्द ही जिले में संचालित हो रही सीएनजी बसों की संख्या में भी कटौती करनी पड़ सकती है।

## ग्रेनो में भारतीय नववर्ष मेला 19 से

**नोएडा।** भारतीय नववर्ष संवत-2083 के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले चार दिवसीय मेले का शुभारंभ 19 मार्च को सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में होगा। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा होंगे। मेले का आयोजन भारत नवनिर्माण ट्रस्ट, भारतीय पर्व आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष प्रणीत भाटी ने बताया कि यह कार्यक्रम युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने के लिए किया जा रहा है।

समिति के संयोजक सौरभ बंसल ने बताया कि 19 मार्च को हवन के साथ उमंग उत्सव शुरू होगा। वहीं, 22 मार्च तक रोजाना प्रतियोगिताएं और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** मिहिर भोज बालिका डिग्री कॉलेज दादरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सत्या ओझा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ की गई, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर किशोर कुमार, प्राचार्य एमबीपीजी कॉलेज रहे। सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसे. विकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, सामा. जिक जागरूकता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,




जिनकी संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीता भाटी (एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक) द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर किशोर कुमार ने अपने संबोधन में छात्राओं को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर (मोबाइल फोनखअभिशाप या वरदान) विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विज. ेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें खुशी और सिमरन ने प्रथम स्थान, अवंतिका और अल्शिफा ने द्वितीय स्थान तथा पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में हातम भाटी, राजवीर भाटी, नरेंद्र भाटी तथा बीडीसी प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी (पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल, चिठेड़ा) भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मोनिका, डॉ. नीतू शर्मा, सह-समन्वयक अनुष्का भाटी, अंजू भडाना, दीपांशी, रोनक, ललित भाटी और मंगल आर्य का विशेष सहयोग रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एक नजर

### अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करने वाले तस्कर को 110 पव्वे अवैध शराब संग रविवार को थानाक्षेत्र से दबोच लिया। आरोपी की पहचान विनोद कुमार उर्फ कुबेरी के रूप में हुई। वह खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद का रहने वाला है। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे पहले से विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सेक्टर-70 के खसरा नंबरों पर बन रही अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्राधिकरण की वर्क सर्किल-6 और भूलेख विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सेक्टर-70 के खसरा संख्या 769 व 770 की अधिसूचित भूमि पर बन रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण के अनुसार यहां आरसीसी कॉलम डालकर तीन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा था, जिस पर बुलडोजर चलाकर निर्माण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 9000 वर्गमीटर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि इस जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा था। अवैध निर्माण रो. कने के लिए पहले भी कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया। इसके बाद प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण ने आम जनता को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि इन खसरों की भूमि की खरीद-फरोख्त से दूर रहें और भू-माफियाओं के झांसे में न आएं। यहां केवल प्राधिकरण की योजना के अनुसार ही विकास कार्य कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी अधिसूचित भूमि पर अवैध कब्जा या निर्माण पाए जाने पर इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### अधिवक्ता से मारपीट करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बिसरख कोतवाली पुलिस पर एक अधिवक्ता ने उनके और परिवार के साथ अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया। इसके विरोध में रविवार को कई अधिवक्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता अमित राणा ने बताया कि सूरजपुर स्थित न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता फरीद अहमद अपने परिवार के साथ ककराला गांव में रहते हैं। शनिवार रात साढ़े 11 बजे चार पुलिसकर्मी अधिवक्ता के घर पहुंचे। आरोप है कि यहां अधिवक्ता और उनके परिवार से अभद्रता की। पिटाई के बाद अधिवक्ता को कोतवाली में लाकर बंद कर दिया गया। सूचना मिलने पर रविवार सुबह जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी और सचिव शोभाराम चंदीला अन्य साथी अधिवक्ताओं के साथ बिसरख कोतवाली पहुंचे।

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। बिसरख कोतवाली पुलिस पर एक अधिवक्ता ने उनके और परिवार के साथ अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया। इसके विरोध में रविवार को कई अधिवक्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता अमित राणा ने बताया कि सूरजपुर स्थित न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता फरीद अहमद अपने परिवार के साथ ककराला गांव में रहते हैं। शनिवार रात साढ़े 11 बजे चार पुलिसकर्मी अधिवक्ता के घर पहुंचे। आरोप है कि यहां अधिवक्ता और उनके परिवार से अभद्रता की। पिटाई के बाद अधिवक्ता को कोतवाली में लाकर बंद कर दिया गया। सूचना मिलने पर रविवार सुबह जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी और सचिव शोभाराम चंदीला अन्य साथी अधिवक्ताओं के साथ बिसरख कोतवाली पहुंचे।

# ग्रेनो के आईटीबीपी गोलचक्कर पर जाम से राहत मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पाई-वन आईटीबीपी गोलचक्कर का आकार छोटा करने का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही चारों डिवाइडर की लंबाई भी कम की जा रही है। यह काम अगले छह माह में पूरा हो जाएगा। इससे गोलचक्कर पर जाम की समस्या दूर हो जाएगी। सुबह व शाम के वक्त व्यस्त घंटों में जाम लगने लगा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक गोलचक्कर की चौड़ाई परिधि में यानी चारों तरफ 2.5 मीटर और चारों डिवाइडर की लंबाई 2.7 मीटर कम की जा रही है। गोलचक्कर के पास सड़क चौड़ी होने से ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहेगा।

नया रूप देकर सौंदर्यीकरण का भी कार्य किया जाएगा। वहीं सेक्टर बीटा-1 रामपुर गोलचक्कर का आकार भी छोटा कर नया रूप दिया जाएगा। दरअसल शहरी क्षेत्र का विस्तार और बसावट बढ़ने से सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। प्रमुख गोलचक्करों आईटीबीपी सेक्टर पाई-1, रायन स्कूल सेक्टर बीटा-1, एलजी चौक, लेबर चौक डेल्टा-1, रामपुर सेक्टर बीटा-1, अमृतपुरम आदि पर सुबह और शाम व्यस्त घंटों में जाम लगने लगा है। इससे स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाएगा। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्राधिकरण सड़कों को चौड़ी करने के साथ गोलचक्करों का आकार भी कम कर रहा है।

> सड़क चौड़ी होने से ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहेगा। आसपास की सर्विस रोड को भी दुरुस्त किया जाएगा। सर्वेक्षण कर जाम वाले स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं।
>
> **सुनील कुमार सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा**

योजना के तहत ग्रेटर नोएडा ईस्ट क्षेत्र में आईटीबीपी गोलचक्कर का आकार कम किए जाने का काम शुरू कर दिया गया है।सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगासुगम आवागमन के लिए सेक्टर पाई-वन आईटीबीपी से विप्रो गोलचक्कंर तक सर्विस रोड का निर्माण भी जल्द किया जाएगा। इससे गोदरेज सहित आसपास की अन्य सोसाइटियों व सेक्टरों में आना- जाना आसान हो जाएगा। निविदा जारी की जा चुकी है। आईटीबीपी से विप्रो गोलचक्कर तक लगभग दो किलोमीटर लंबी सर्विस रोड बनाई जाएगी। प्रथम चरण में गोदरेज सोसाइटी की तरफ की सड़क बनाई जाएगी। इस पर लगभग 5.23 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। पूर्व में कराए गए सर्वेक्षण में पाया गया था कि कई औद्योगिक व आवासीय सेक्टरों के अलावा मुख्य सड़कों के किनारे अब तक सर्विस रोड का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि मास्टर प्लान में सर्विस रोड के लिए जगह आरक्षित है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है।आईटीबीपी गोलचक्कर पर ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। गोलचक्कर का आकार कम किया जा रहा है। डिवाइडर की लंबाई भी कम की जा रही है।

# बसपा का वेस्ट से ईस्ट यूपी पर फोकस

## कांशीराम फॉर्मूला से कैडर साधने की कवायद, दलित प्रेरणा स्थल से सियासी भागीदारी पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशी राम की जयंती के अवसर पर रविवार को नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में बसपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी भीड़ उमड़ी। बसपा सुप्रीमो मायावती के आवाहन पर आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत आसपास के जनपदों के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान दलित प्रेरणा स्थल परिसर में बसपा कार्यकर्ताओं का जुटान राजनीतिक रूप से भी अहम माना जा रहा है। मंच से नेताओं ने न केवल कांशीराम के सामाजिक आंदोलन और बहुजन राजनीति में उनके योगदान को याद किया, बल्कि आने वाले चुनावों को देखते हुए संगठन को मजबूत करने का संदेश भी दिया।इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी मुनकाद अली, सतवीर नगर, उत्तराखंड बसपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहित आनंद, अखिलेश मंडल, विजय सिंह और लखमी सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने कांशीराम के विचारों को आगे बढ़ाने और बहुजन समाज को एकजुट करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद बसपा नेता लखमी सिंह ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं के परिचय से हुई। इसके बाद सभी नेताओं और समर्थकों ने कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने देश की राजनीति में बहुजन समाज को



नई दिशा दी और उनके विचार आज भी बसपा की राजनीति की आधारशिला हैं।

**कैडर को मजबूत कर रही बसपा:** राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह कार्यक्रम सिर्फ श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं था, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बसपा के संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। लंबे समय से चुनावी चुनौतियों का सामना कर रही बसपा अब नए सिरे से अपने कैडर को सक्रिय करने में जुटी है।

**पूर्वी उत्तरप्रदेश को साधने की तैयारी:** पार्टी की रणनीति पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राजनीतिक माहौल बनाकर पूर्वी उत्तर प्रदेश तक संगठन को मजबूत करने की है। इसी रणनीति के तहत नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल को कार्यक्रम के लिए चुना गया। यह स्थल बसपा की विचारधारा और बहुजन आंदोलन का प्रतीक माना जाता है। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम का सपना सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करना था।

**राजनितिक जमीन को मिली मजबूती:** बसपा कार्यकर्ता उसी मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। बसपा के इस आयोजन ने साफ संकेत दिया है कि पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश से फिर से अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है। कांशीराम की जयंती के मंच से संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

## 29 मार्च को अखिलेश की रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की 29 मार्च को दादरी में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मो. हत नागर ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर लोगों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। रविवार को मोहित नागर ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न गांवों में ग्रामीणों और युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दादरी में होने वाली यह रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और किसानों की भागीदारी देखने को मिलेगी। मोहित नागर ने बताया कि समाजवादी पार्टी हमेशा से किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। रैली के माध्यम से प्रदेश की मौजूदा समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को रैली के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान कई स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# वीवो कंपनी के बाहर 30 मार्च को महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में किसान एकता संघ की रविवार को चक जलालाबाद गांव में बैठक आयोजित हुई। बैठक में 30 मार्च को वीवो कंपनी के बाहर होने वाली महाप. ंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। यह महापंचायत क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर आयोजित की जाएगी। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि देशभर में किसानों और उनके बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में स्थापित बड़ी कंपनियों में स्थानीय युवाओं को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि संगठन क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। इसी मुद्दे को लेकर 30 मार्च को वीवो कंपनी के बाहर महापंचायत आयोजित की जाएगी। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि कंपनियों में क्षेत्रीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कुंदन सिंह ने की, जबकि संचालन वीके चौधरी ने किया। इस दौरान कई लोगों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की। संगठन ने टिंकू सिंह को जिला सचिव, हरिश. चंद को ग्राम संरक्षक और अनिल सिंह को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अलावा रोबिन सिंह, रिंकू सिंह और पिंटू सिंह सहित दर्जनों लोगों को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

बैठक में सोरन प्रधान, श्रीकृष्ण बैसला, उम्मेद एडवोकेट, पप्पे नागर, जेपी नागर, सतीश कनारसी, विक्रम नागर, अनिल नागर, जीतन नागर, रो. हित गौतम, अकरम खान, फरमान अली, सलेक भाटी, नानक चंद, डॉ. सुरेश और मोहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# सड़क हादसों में महिला समेत 10 लोगों की मौत, पिता-पुत्री समेत कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। वहीं पिता-पुत्री समेत कई लोग घायल हो गए है। पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सलीम पुत्र हनीफ उम्र 44 वर्ष की सड़क हादसा में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में अफसर पुत्र यासीन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 मार्च को उनका बेटा कामरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी सफीपुर गांव के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हैं उसे टक्कर मार दिया। उसे उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसके अलावा आशीष रंजन श्रीवास्तव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मारुति बलेनो कार के चालक ने तेजी और लाप. रवाही से वाहन चलाते हुए उसके बेटे दिव्यांशु रंजन श्रीवास्तव उम्र 23 वर्ष की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। पीड़ित के अनुसार इस घटना मे उनके बेटे के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई है।

थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में नीरज कुमार पुत्र विक्रम सिंह उम्र 31 वर्ष की मौत हो गई है।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में संदीप पुत्र प्रहलाद की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में प्रीति पत्नी अजय बाबू उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में जितेंद्र नागर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भाई बालेश्वर सिंह जिम करने के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए से टक्कर मार दिया। इस घटना में उसे गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

थाना सेक्टर-142 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादंसे में अशोक कुमार पुत्र भोजराज उम्र 56 वर्ष गंभीर से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वह जनपद हाथरस के रहने वाले थे।

थाना सेक्ट-63 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आसपास की लोगों की सहायता से पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अनिल जायसवाल पुत्र अमरनाथ मूल निवासी जनपद गोरखपुर थाना कासना क्षेत्र में रहते थे। वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे। साइड-5 के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गढ्ढे में जा गिरी। इस घटना में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अरुण कुमार मिश्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बेटी रेशमा को अपनी कार में लेकर जा रहे थे, तभी गोदरेज गोल चक्कर के पास एक ट्रक चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दिया। इस घटना में उनकी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई तथा पिता-पुत्री को चोट आई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करें पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रतन सिंह पुत्र महिपाल सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जनपद हापुड़ के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार उनका बेटा अंकुर कुमार अपने दोस्त शिवम कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर नोएडा के सेक्टर-49 जा रहा था। सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास एक अज्ञात कार चालक ने उसके बेटे की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान अंकुर कुमार की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हरि सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके भाई मांगू सिंह एनटीपीसी दादरी प्लांट में सुपरवाइजर के रूप में काम करते थे। पीड़ित के अनुसार भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर ड्यूटी जा रहा था, तभी एक कैंटर चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। उन्हें उपचार के लिए हापुड़ के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कुँवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज, नगरिया परीक्षित इज्जतनगर तथा दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, रिठौरा पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन तलाशी और प्रवेश प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ सम्पन्न कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। डीएम ने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, उपजिलाधिकारी नवाबगंज उदित पवार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मेंथा सट्टा, सूदखोरी और करोड़ों के खेल में फंसा व्यापारी लापता

## सुसाइड नोट से खुली बड़ी साजिश, कई नामजद पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में मेंथा सट्टे, भारी कर्ज और सूदखोरी के जाल में फंसे एक व्यापारी के लापता होने से हड़कंप मच गया है। व्यापारी की दुकान से मिले सुसाइड नोट ने पूरे मामले को सनसनीखेज बना दिया है। सुसाइड नोट में कई लोगों के नाम और लाखों रुपये के लेनदेन का जिक्र होने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साईं धाम कॉलोनी, सैदपुर हाकिन्स निवासी गौतम कुमार सैनी पुत्र बलवीर सिंह 13 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हैं। उनके पुत्र प्रणव कुमार सैनी ने थाना प्रेमनगर में दी तहरीर में बताया कि वह नोएडा में नौकरी करते हैं। पिता के लापता होने की सूचना मिलने पर वह बरेली



पहुंचे और इंद्रानगर स्थित उनकी दुकान को कर्मचारी से खुलवाया। दुकान के अंदर मेज पर रखा सुसाइड नोट देखकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद रात करीब 9 बजकर 19 मिनट पर डायल 112 पर सूचना दी गई। सुसाइड नोट में व्यापारी ने लिखा है कि मेंथा के सट्टे और कर्ज के दबाव ने उसकी जिंदगी तबाह कर दी है। नोट के मुताबिक एक महीने में 40 से 50 लाख रुपये तक का नुकसान हो चुका है और सूदखोरों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था। कई लोगों द्वारा तीन से चार प्रतिशत मासिक ब्याज पर पैसे दिए गए थे, जिसके कारण कर्ज का बोझ दिन-ब-दिन बढ़ता चला गया। पुलिस ने तहरीर और सुसाइड नोट के आधार पर उमर, शकील सरताज राइस मिल, अफसार, उमैर और जफर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुकदमा दर्ज होते ही एसओजी टीम और पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले में मेंथा सट्टे और निवेश के नाम पर बड़े पैमाने पर पैसों का खेल चल रहा था। क्षेत्र के कई लोग लाखों रुपये इस व्यापार में लगाने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि लोग फायदा होने की उम्मीद में व्यापारी के पास पैसा जमा करते थे, और उसी के आधार पर लाभ या नुकसान उठाते थे। इस पूरे मामले में एक और बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर यह कारोबार कितना वैध था और कितना अवैध। अगर पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच करती है तो मेंथा सट्टे और काले धन के बड़े खेल का खुलासा हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि इस नेटवर्क में कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

फिलहाल पुलिस की पहली प्राथमिकता लापता व्यापारी गौतम कुमार सैनी की तलाश है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल, सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है। वहीं परिजन उनकी सकुशल बरामदगी की दुआ कर रहे हैं, जबकि पूरे इलाके में इस सनसनीखेज मामले की चर्चा जोरों पर है।

## एक नजर

### कांवड़ यात्रा के दौरान हार्ट अटैक से हुई कांवरिया की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** हरिद्वार से गोला के लिए कांवड़ लेकर जा रहे एक कांवरिया की रास्ते में हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कस्बे के मोहल्ला माली निवासी मूलचंद टेलर मास्टर 5 मार्च को कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार गए थे। 6 मार्च को उन्होंने गंगाजल भरकर गोला के लिए पैदल यात्रा शुरू की थी। रविवार को उन्हें गोला पहुंचकर जल चढ़ाना था, लेकिन गोला से लगभग 40 किलोमीटर पहले अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि उनका बेटा लीलाधर भी एक अलग कांवड़ बेड़े में जल लेने गया था। दोनों बेड़ों के बीच करीब 30 किलोमीटर की दूरी थी। घटना की सूचना मिलते ही लीलाधर भी बिना जल चढ़ाए वापस लौट आया। साथ में जा रहे अन्य कांवरियों ने फोन कर घटना की सूचना परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। साथ गए कांवरिये उनका पार्थिव शरीर लेकर वापस घर पहुंचे। अंतिम संस्कार के बाद रविवार को साथ गए कांवरियों ने उनकी ओर से जल चढ़ाया।मृतक की पत्नी शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मूलचंद अपने पीछे चार बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं।

### प्रेम विवाह से नाराज मायके पक्ष ने दंपति को पीटा, जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम विवाह से नाराज युवती के मायके पक्ष के लोगों पर दंपति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम अटैया योगी निवासी राजकुमारी पत्नी नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने करीब दो माह पहले गांव के ही नरेंद्र कुमार से प्रेम विवाह किया था। दोनों के बीच 16 जनवरी 2026 को लिखित रूप से समझौता भी हो गया था और वह अपने पति के साथ गांव में ही रह रही है। आरोप है कि इसी बात से नाराज उसके पिता इन्द्रजीत, मां ओमवती और भाई पहले से ही रंजिश मानते हैं। पीड़िता के अनुसार 15 मार्च को वह सुबह करीब नौ बजे अपने पति के साथ दवा लेने जा रही थी। रास्ते में उसके पिता इन्द्रजीत, मां ओमवती और भाई ने पहले से घात लगाकर उन्हें रोक लिया, और उनकी मोटरसाइकिल में लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने दोनों को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह वह वहां से भागकर अपने घर पहुंची, जबकि आरोपियों ने उसके पति के साथ भी मारपीट की। घटना से डरी सहमी पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

### घर में घुसकर युवक ने की नाबालिग से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के एक गांव के मजदूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती शाम उसके परिवार के सभी लोग सो रहे थे, वहीं पर उसकी नाबालिग बेटी अपनी मां के साथ अलग सो रही थी। रात लगभग 1:30 बजे गांव का ही युवक विक्की घर में घुस गया, और उनकी नाबालिग बेटी का मुंह दबा दिया और छेड़खानी करने लगा। जब उसने विरोध किया तो युवक ने उसे मारा-पीटा। किसी तरह युवक के चुंगल से छूटकर पीड़िता ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया, जिससे परिवार वाले जाग गए। युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है और कार्यवाही शुरू कर दी है।

### फूलों की होली से सजा कुर्मी क्षत्रिय सभा का होली मिलन, एकता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** ब्रह्मपुरा स्थित सरदार पटेल स्मारक, कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में रविवार को कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परंपरा, संस्कृति और आपसी भाईचारे का अनूठा माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक चौपाइयों के गान से हुई, जिसके बाद समाज के लोगों ने फूलों से होली खेलकर एक-दूसरे को बधाई दी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और आपसी



प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है तो उसकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और नई दिशा देने का काम करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज के लोगों और बड़ों से शिष्टाचार भेंट का अवसर मिलता है, जिससे आपसी संबंध और मजबूत होते हैं। कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और मजबूत संगठन से ही संभव है। होली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और एकजुटता को बढ़ाने का काम करते हैं। समारोह में अर्बन कॉ-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, नगर पंचायत गुलड़िया के चेयरमैन पति सुरेश चंद्र सिंह राठौर, प्रवेश राठौर, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुर्मी महासभा सी.एल. गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, आर.सी. लाल, मूलचंद गंगवार, कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार, ऑडीटर एड. मनोज बाबू गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सरकारी भूमि पर कब्जा कर प्लॉटिंग किए गए की खबर से मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर में सड़क किनारे सरकारी भूमि पर कॉलोनाइजर ने कब्जा कर उसे अपनी भूमि में शामिल कर उसे प्लॉटिंग कर ऊंचे दामों पर बेच दिया था। इसकी शिकायत किए जाने पर जांच को गई क्षेत्रीय लेखपाल ने जब समूचे सेक्टर की पैमाईश की तो शिकायत सही पाई गई थी।



**विक्रेता पर रुपये वापसी का दबाव**

मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर में रोड किनारे गाटा संख्या 333 है, जिसका रकवा मात्र 400 वर्ग गज है। आरोप है कि इस प्लॉट पर कालोनाइजर ने प्लॉटिंग कर इसे कमर्शियल में बेच दिया था, अपने इस प्लॉट में कॉलोनाइजर ने सरकारी भूमि को भी मिला लिया, और उसे भी ऊंचे दामों में बेच डाला। शिकायत की जांच को पहुंची लेखपाल ने जब भूमि की पैमाईश की तो सारा मामला खुलकर सामने आ गया। बताया जाता है कि लेखपाल ने स्थल से ही कॉलोनाइजर को फोन कर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी थी। लेकिन जहां चार दिन गुजर जाने के बाद भी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई, वहीं जब इस मामले को अखबार में प्रकाशित किया गया तो खरीदारों में खलबली मच गई, और वह दौड़े-दौड़े प्लॉटिंग करने वाले के पास पहुंचे। बताया जाता है कि खरीदारों ने साफ-साफ कह दिया कि उन्होंने सरकारी जमीन नहीं खरीदी है, अगर सरकारी का बैनामा कराया है और उनकी जितनी भूमि जाएगी उतने का पैसा विक्रेता द्वारा उन्हें वापस लौटा दिया जाएगा। प्लॉट का बैनामा कराने वालों में एक बैंक के सेवानिवृत कर्मी भी शामिल हैं।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष ने कराया रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बहेड़ी के अध्यक्ष मुजस्सम अली खां एडवोकेट ने रमजान माह के अवसर पर अपने आवास पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान रोजेदारों ने इफ्तार कर देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।



कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी को रमजान और आने वाली ईद की अग्रिम बधाई दी, और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। इफ्तार कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव मनोज जौहरी, सभासद ओमप्रकाश गंगवार, सचिन प्रजापति, आशु अंसारी, उमैर इनायत, राकेश सक्सेना, देवेंद्र गंगवार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिगरेट पीते ही सड़क पर गिरा फल व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जम्मू-कश्मीर से सेब लेकर पटना और बनारस जा रहा एक कश्मीरी फल व्यापारी मीरगंज क्षेत्र में सिगरेट पीते ही सड़क पर बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के बाग निवासी वसीम पुत्र गुलाम मोहम्मद अपने मौसेरे भाई जोहर अहमद शाह के साथ सेब के दो ट्रक लेकर बनारस और पटना की मंडियों की ओर जा रहे थे। शनिवार रात मीरगंज के सिंधौली चौराहे के पास वसीम के दांत में अचानक तेज दर्द होने लगा। इसके बाद वह हाईवे किनारे स्थित एक अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें इंजेक्शन लगाया गया।इंजेक्शन लगने के बाद वसीम ने सिगरेट जलाई। सिगरेट पीते ही उनकी हालत बिगड़ने लगी और वह सड़क पर बेहोश होकर गिर पड़े। उनके साथी जोहर अहमद शाह ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें मीरगंज की सीएचसी पहुंचाया।सीएचसी के डॉ. रोहन दिवाकर के अनुसार व्यापारी को जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन हालत में कुछ सुधार होने पर वह अपने साथी के साथ ट्रक से आगे जाने की बात कहकर वहां से चला गया।

# होटल में चल रहा था गंदा धंधा, वाराणसी की 15 वर्षीय किशोरी बरामद

## सोशल मीडिया से तय होते थे सौदे, फर्जी आधार से नाबालिग को बताया बालिग, चार आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर के सेटेलाइट चौराहे के पास स्थित एक होटल में चल रहे अनैतिक गतिविधियों के रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। वाराणसी की 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर बरेली लाकर उससे जबरन गलत काम कराने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपी और कुछ होटल संचालक फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र की रहने वाली किशोरी घर वालों की डांट से नाराज होकर जनवरी के पहले सप्ताह में घर से निकल गई थी। वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात रिया नाम की युवती से हुई, जिसने उसे अपने साथ रखा और बाद में बरेली लाकर कैंट क्षेत्र के चनेहटी गांव की रहने वाली बबली खान के हाथ बेच दिया। आरोप है कि बबली खान, उसका पति खलील खान और उनके साथी फरीदपुर के कुआंखेड़ा निवासी विनोद यादव ने किशोरी को चनेहटी में एक कमरे में रखा और उसे अलग-अलग होटलों में ले जाकर जबरन गलत काम कराने लगे। गिरोह में नेपाली महिला दुर्गावती, पंजाबी महिला जसलीन और सुरेश शर्मा नगर निवासी विनय भी शामिल बताए गए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों





ने किशोरी का फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया था, जिसमें उसकी जन्मतिथि बदलकर उसे बालिग दिखाया गया था, जबकि असली आधार कार्ड में उसकी जन्मतिथि वर्ष 2011 दर्ज है।

इसी फर्जी पहचान के आधार पर उसे ग्राहकों के पास भेजा जाता था। शुक्रवार रात आरोपी उसे सेटेलाइट चौराहे के पास स्थित एक होटल में लेकर आए थे। वहां भी उससे अनैतिक कृत्य कराया जा रहा था, लेकिन मौका पाकर किशोरी लघुशंका के बहाने होटल से निकलकर पुलिस के पास पहुंच गई, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।

पूछताछ में यह भी सामने आया कि सेटेलाइट चौराहे और पीलीभीत रोड के कई होटलों से रैकेट संचालकों की मिलीभगत थी। इनमें लिटिल क्राउन, मूडी मून, ग्रीन एप्पल होटल और मामा-भांजा रेस्टोरेंट समेत कुछ अन्य होटल भी चिह्नित किए गए हैं। आरोप है कि इन होटलों में घंटों के हिसाब से कमरे दिए जाते थे और पहचान पत्रों की गंभीरता से जांच नहीं की जाती थी। इसी वजह से कम उम्र की किशोरी को फर्जी आधार कार्ड के सहारे बालिग बताकर ग्राहकों के पास भेजा जाता रहा। मामला सामने आने के बाद कुछ होटल संचालक और मैनेजर फरार हो गए हैं।

पीड़ित किशोरी ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि जब वह रोती या घर जाने की बात करती थी तो आरोपी उसके साथ मारपीट करते थे। लगातार लोगों के आने से उसके शरीर में दर्द रहता था, जिस पर आरोपी मेडिकल स्टोर से दर्द निवारक गोलियां लाकर दे देते थे। उसे केवल खाना दिया जाता था और पूरी कमाई गिरोह की सरगना बबली अपने पास रखती थी। किशोरी ने बताया कि कई बार उसने लोगों से मदद मांगने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसका मोबाइल चेक कर सभी नंबर और संदेश मिटा दिए जाते थे।

पुलिस ने जब पीड़िता के बताए पते के आधार पर उसके परिवार से संपर्क किया तो पता चला कि परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करा रखी है। किशोरी के पिता दिव्यांग हैं और उसके दो भाई मजदूरी करते हैं। जब पुलिस ने उसके भाई से फोन पर बात कराई तो आवाज सुनते ही किशोरी रो पड़ी और उसे जल्द बरेली आने को कहा।

जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह सोशल मीडिया के जरिए ग्राहकों से संपर्क करता था। लड़कियों की तस्वीरें इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर भेजी जाती थीं और फिर व्हाट्सएप कॉल पर सौदा तय किया जाता था। तय रकम मिलने के बाद लड़कियों को ग्राहकों के पास भेज दिया जाता था, जबकि गिरोह के सदस्य बाहर पहरेदारी करते रहते थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों तथा इस धंधे में शामिल होटल संचालकों की तलाश कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सपा नेता का होली मिलन समारोह आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ब्लॉक भदपुरा के पूर्व प्रमुख सपा नेता पुरुषोत्तम गंगवार द्वारा कस्बे के बलदेवराज सूरी बारात घर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आज 16 मार्च को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले इस होली मिलन समारोह में क्षेत्र के सभी सम्मानित लोगों को आमंत्रित किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिकघ् पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार विधान सभा चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हैं, उनका यह समारोह इसी से जोड़ कर देखा जा रहा है।

# बेमौसम बरसात और तेज हवा चलने से गेहूं और सरसों की फसल खेत में बिछी, किसान मायूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** रविवार को सुबह तेज हवा के साथ हुई बारिश ने किसानों की फसल को चौपट कर दिया। गेहूं और सरसों की पूरी फसल खेत में पूरी तरीके से बिछ गई है, जिससे किसान मायूस हैं। किसानों ने अपनी पूरी जमा पूंजी लगाकर फसल तैयार की थी, लेकिन बे मौसम बरसात और तेज हवा ने पूरी फसल नष्ट कर दी। फसल बर्बाद होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है।

# फॉर्च्यूनर व 20 लाख की मांग, जयमाला के बाद लौटी बारात

- **समझौते के बहाने घर बुलाकर युवती से मारपीट, दुराचार के प्रयास का आरोप, नौ लोगों पर मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बा बहेड़ी में दहेज की मांग पूरी न होने पर जयमाला के बाद बारात वापस ले जाने और बाद में युवती के साथ मारपीट व दुराचार के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती की तहरीर पर क्षेत्राधिकारी के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला महादेवपुरम निवासी 21 वर्षीय दीक्षा रस्तोगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह मुरादाबाद निवासी दिव्यांश रस्तोगी के साथ तय हुआ था। आरोप है कि विवाह से पहले लग्न और टीका की रस्म में उसके पिता ने करीब 15 लाख रुपये खर्च किए थे। बताया गया कि 19 फरवरी 2026 को दिव्यांश रस्तोगी अपने पिता और रिश्तेदारों के साथ नैनीताल रोड स्थित शुभ मंडल बारात घर, मदनपुर में बारात लेकर पहुंचे। जयमाला का कार्यक्रम होने के बाद अचानक दूल्हे और उसके परिजनों ने दहेज में फॉर्च्यूनर कार और 20 लाख रुपये नगद की मांग रख दी। मांग पूरी न होने पर उन्होंने शादी तोड़ने की धमकी दी, और बारात वापस लेकर चले गए। पीड़िता के अनुसार उसके पिता ने मामले की शिकायत थाने में की, लेकिन पुलिस ने एक सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर खर्च वापस दिलाने का आश्वासन देकर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि 22 फरवरी को शादी के मध्यस्थ सोनू रस्तोगी और उसकी पत्नी किरन रस्तोगी ने समझौते के नाम पर पीड़िता और उसके पिता को अपने घर बुलाया, जहां उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद 23 फरवरी को सोनू रस्तोगी दिव्यांश रस्तोगी और प्रखर रस्तोगी के साथ पीड़िता के घर पहुंचा। उस समय घर पर पीड़िता और उसकी बहन ही मौजूद थीं। पीड़िता का आरोप है कि बातचीत के बहाने दिव्यांश रस्तोगी ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं, और दुराचार का प्रयास किया। इसी दौरान कमरे में आए प्रखर रस्तोगी ने भी उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर गाली-गलौज की, और पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस मामले में बहेड़ी पुलिस ने दिव्यांश रस्तोगी, अंजू रस्तोगी, प्रताप रस्तोगी, प्रखर रस्तोगी, योगेश रस्तोगी, तरुण रस्तोगी, हर्षित रस्तोगी, सोनू रस्तोगी और किरन रस्तोगी समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनौना धाम जा रहे परिवार की कार में कैंटर की टक्कर, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में रविवार सुबह भाखड़ा नदी पुल पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से एक कार में टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।

जानकारी के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी कस्बे का रहने वाला एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ आंवला तहसील के प्रसिद्ध मनौना धाम में दर्शन करने जा रहा था। रविवार सुबह जब उनकी कार भाखड़ा नदी पुल से गुजर रही थी, तभी बरेली की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का आगे और पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार सवारों की मदद की। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया।पुलिस के अनुसार कैंटर चालक की पहचान पीलीभीत जिले के अमरिया कस्बा निवासी दिलबाग पुत्र गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई और बड़ा हादसा होने से टल गया।



# तरावीह में कुरान-ए-करीम मुकम्मल

## देश की तरक्की और भाईचारा कायम रखने की उलेमाओं ने दुआ कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुकद्दस रमजान माह में तरावीह नमाज़ में कुराने करीम पढ़कर सुनाने और उसे सुनकर सवाब कमाना अपने शबाब पर है। अक़ीदतमंदों ने नमाज़ के बाद देश की तरक्की और आपसी भाईचारा कायम रखने की उलेमाओं ने दुआ कराई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के महल सराय स्थित हमज़ा मस्जिद में बीती रात तरावीह नमाज़ में कुराने करीम मुकम्मल हुआ। जिसे मौहम्मद साद ने रोज़ाना बीस रकात तरावीह नमाज़ में अक़ीदतमंदों को सुनाया। पीछे से कारी राशिद हमीदी ने सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। प्रोग्राम के महमाने खुसूसी मौलाना असलम कासमी ने रमज़नुल मुबारक के पाक महीने में तरावीह नमाज़ खुशु व कुज़ू के साथ अक़ीदत से अदा करने की फज़िलत बयान की। उन्होंने इस महीने को अल्लाह की इबादत का सबसे अच्छा व पाक महीने बताया। उन्होंने कहा कि इसी महीने में कुराने करीम आसमान से उतारा गया। जिसे सवाब की नीयत से दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला बताया। उन्होंने मुसलमानों से आपस में प्यार-मौहब्बत और खुलूस के साथ रमजान के महीने का एहतमाम व एहतराम किए जाने की ताक़ीद की। उन्होंने मज़हबे इस्लाम को दुनिया में अमन व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया।

उन्होंने नौजवानों से नशे की बुराइयों को बयान करते हुए इन बुरी लतों से खुद बचने और अपने साथियों को भी बचाने पर जोर दिया। आखीर में मुल्क में अमनो आमन कायम और बाकी रखने तथा तरक्की की दुआ कराई।

इस मौके पर कारी नौशाद आलम शाद, मुफ्ती इफ्तेखारुल हसन, नफीस अहमद, मौहम्मद ईस्माइल, पत्रकार फैजान अंसारी, तसलीम अहमद, खुर्शीद अहमद, नईम अहमद, अनीस अहमद, शानवाज़, इदरीस अहमद, परवेज़ अहमद, फहीम अहमद, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद जावेद, इम्तियाज़, मास्टर अल्ताफ, हंज़ला आदि शामिल रहे।

# शिक्षक कांता प्रसाद मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आरएसपी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक कान्ता प्रसाद पुष्पक को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है।

श्री पुष्पक वर्ष 1992 से आरएसपी इंटर कॉलेज में विज्ञान अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही वे रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3100 के अंतर्गत रोटरी क्लब स्योहारा में भी सक्रिय रहकर सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं का मूल्यांकन करने के उपरांत फाउंडेशन द्वारा फरीदाबाद में आयोजित समारोह में उन्हें मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर स्थान भी दिया गया। इस मौके पर श्री पुष्पक ने संस्था के अध्यक्ष डा.सीपी यादव तथा मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष डा. सीपी यादव ने बताया कि मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। संस्था का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना है।

## एक नजर

### बुजुर्ग पर छेड़खानी का आरोप

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक किशोरी की मां ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को वह और उसकी सास गांव से बाहर दवाई लेने गए थे। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री और उसका पुत्र था। इस दौरान उसका पुत्र घर से बाहर खेलने चला गया और उसकी पुत्री घर पर अकेले रह गई। इसी बीच गांव का ही 80 वर्षीय बुजुर्ग मौका पाकर घर में घुस गया और कमरे में ले जाकर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की। घर आने पर मेरी पुत्री मुझे आप बीती बताई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बुजुर्ग सद्दीक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शक्ति पीठ पर हवन यज्ञ एवं भंडारा



**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनन्त श्री शिव शक्ति पीठ मंदिर में अखंड हनुमान चालीसा का पाठ का हवन यज्ञ एवं भंडारे से समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजित अखंड हनुमान चालीसा पाठ के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। आचार्य डॉ. दिनेश भारद्वाज द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ में जनकल्याणार्थ आहुतियां डलवाई गई। प्रातः 11:00 से हवन यज्ञ का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने समाज देश के कल्याण के लिए हवन यज्ञ में आहुतियां दी। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। डॉ. आचार्य दिनेश भारद्वाज द्वारा पूजन कराकर 24 घंटे का अखंड हनुमान चालीसा का पाठ का हवन यज्ञ एवं भंडारे से समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। पूजन कार्य आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज द्वारा संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में आयोजक श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मण्डल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, डॉ. एके सक्सेना, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, डॉ. अनुज अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, टीकाराम जैन, संदीप भारद्वाज, दिनेश राणा, सुनील चौहान, अनीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कविता भारद्वाज, लक्ष्मी शर्मा आदि शामिल रहे।

### विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान

**नांगल सोती।** बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। पिछले एक सप्ताह से रात में लगातार कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है। वहीं विभाग इस कटौती के बारे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा है। क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, चमरौला, लालपुर मान, हरचंदपुर सहित 10 गांव जुड़े हैं। पिछले एक सप्ताह से रात में लगातार तीन से चार घंटे बिजली कटौती हो रही है। उपभोक्ता नीरज सहरावत, मुकेश शर्मा, दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, गोपाल शर्मा, विनय कुमार, सत्यपाल सिंह आदि का कहना है कि शासन के आदेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश हैं, लेकिन गर्मी शुरू होते ही बिजली की कटौती शुरू हो गई है। क्षेत्र में मात्र 13-14 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है। उपभोक्ताओं ने क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की है। उधर अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने बताया कि कंट्रोल के आदेश पर ही बिजली कटौती हो रही है। बिजली घर से कोई कटौती नहीं की जा रही है।

### मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी शहर इमाम मनोनीत



**शेरकोट।** शहर की जामा मस्जिद में आयोजित संयुक्त बैठक में मस्जिद कमेटी के सदर अफसार अहमद, मदरसा रियाजुल उलूम के सदर डा. फरहत अली और शेरकोट ईदगाह कमेटी के मोहतमिम काजी शमीम व अन्य सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी को शहर इमाम के पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त शहर इमाम मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा भाईचारे और धार्मिक सौहार्द की भावना के साथ शहर में अमन-चैन कायम रखने का प्रयास करेंगे। उनके शहर इमाम बनने से नगर मे खुशी की लहर दौड़ गई। चाचा अताउर्रब ने कमेटी का शुक्रिया अदा करते हुए बड़ी कामयाबी बताया।

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी



**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन ग्राम सरकड़ा चकराजमल में कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण तथा ग्रामीण विकास हेतु सरकार की कल्याणकारी योजनाएं' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल सभी स्वयंसेवकों द्वारा योगाभ्यास से हुई। इसके पश्चात धर्मशाला परिसर में साफ-सफाई एवं पौधों की सिंचाई की गई। प्रतिदिन के मेन्यू के अनुसार स्वयंसेवकों द्वारा चाय एवं पोहा जैसे पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था की गई, जिसे सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया। प्रथम सत्र में ग्राम सरकड़ा-चकराजमल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस की परंपरागत तालियों के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक अमित चौहान ने स्वयंसेवकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाले ऋण एवं उस पर दी जाने वाली ब्याज सब्सिडी के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए किसानों को मिलने वाले आर्थिक सहयोग के बारे में जागरुक किया। इस मौके पर धामपुर शुगर मिल से उपस्थित चीफ इंजी. सोमपाल सिंह यादव ने कृषि छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि भविष्य में कृषि के विद्यार्थी किस प्रकार शुगर मिल उद्योग से जुड़कर अपने करियर के अवसर विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम में डा. हिमांशु त्रिपाठी, डा. देवेश पाठक, डा. कौशिक प्रसाद, डा. विवेक यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी शराब की दुकान में लाखों की चोरी

## नकदी और शराब की बोतलें ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है, जहां चोर रात में दुकान का ताला तोड़कर करीब 1.20 लाख रुपए का सामान और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम ढक्का कर्मचंद निवासी गीता देवी पत्नी स्व.ओमप्रकाश के नाम पर संचालित कंपोजिट शॉप/अंग्रेजी शराब की दुकान नगीना रोड पर सुरेशिया पैलेस होटल के पास स्थित है। दुकान का संचालन उनके पुत्र सुभाष कुमार द्वारा किया जा रहा है। बताया गया कि 13/14 मार्च 2026 की रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी करीब 1,10,000 रुपए कीमत की शराब तथा आबकारी विभाग की पीओएस मशीन के पास गल्ले में रखे लगभग 10,000 रुपए चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर थाना धामपुर पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कमेटी के सदस्यों ने किया ईदगाह का निरीक्षण

## सुबह 8.30 बजे अदा की जाएगी ईद-उल-फितर की नमाज : शहर काजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर ईदगाह में अदा होने वाली ईद की विशेष नमाज की तैयारियों को लेकर ईदगाह कमेटी के सदस्यों ने पुलिस के साथ ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की ईदगाह कमेटी के मोहतमिम काजी शमीम ने सदस्यों के साथ ईदगाह परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और नमाज के दौरान उचित इंतजाम बनाए रखने की रणनीति तैयार की। इस दौरान एसआई मोहित चौधरी ने भी नमाजियों और ईदगाह की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने नमाजियों से अपील करते हुए कहा कि ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करें तथा त्योहार को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग दें।

काजी शमीम ने बताया कि ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:30 बजे शहर काजी मुफ्ती अमान उर्रब द्वारा अदा कराई जाएगी। नमाजियों की सुविधा के लिए वुजू के पानी की अलग से व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बरकतों भरे माह रमजान के समाप्त होने के बाद खुशी और शुक्राने के रूप में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाती है। मुस्लिम समुदाय का यह सबसे खास और बड़ा त्योहार है।

इस मौके पर आदिल खान, नदीम खान, बुंदू ठेकेदार, मिर्जा खुर्शीद, अनीस खान, अशरफ कबाड़ी, अताउर्रब, मुफ्ती अमान उर्रब, मतलूब अहमद, कारी मौलाना जरीफ और शकील अहमद सहित शहर इंचार्ज एसआई मोहित कुमार मौजूद रहे।

# चांदपुर में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

## उपभोक्ताओं को समय पर सिस्टम से बांटी जा रही गैसः हाजी अफजल कुरैशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में कुकिंग गैस किल्लत की झूठी अफवाह पर तमाचा मारते हुए व गैस की किल्लत को दरकिनार करते हुए है एचपीसीएल की गैस एजेंसी (कुरैशी गैस सर्विस) पर बिना रोकटोक बुकिंग के बाद सिस्टम अनुसार गैस उपभोक्ताओं को गैस का वितरण किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह से देर शाम तक लगभग 700 से भी अधिक गैस सिलेंडर बांटने के बाद कुरैशी गैस सर्विस के प्रबंधक/संचालक हाजी अफजल कुरैशी ने कई अन्य जरुरतमंदों को भी स्वयं बुकिंग करा कर गैस उपलब्ध कराई और किसी को भी निराश नहीं होने दिया। गौरतलब है कि हाजी अफजल कुरैशी स्वयं एजेंसी पर बैठकर गैस उपभोक्ताओं को शासनादेशों के अनुसार रिफिल बुकिंग के पश्चात गैस उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही अपने डिलीवरी मैन द्वारा भी घर-घर बुकिंग के पश्चात गैस पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि हमारे यहां गैस की कोई किल्लत नहीं है और न ही किसी गैस उपभोक्ता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ जमाखोर और कालाबाजारी लोगों को गुमराह कर गैस की किल्लत की झूठी अफवाह फैला रहे हैं। आज भी बुकिंग के बाद जो उपभोक्ता गोदाम पहुंचे, उन्हें बिना रोक-टोक गैस उपलब्ध कराई। गत दिवस चांदपुर में एक गैस एजेंसी पर छापेमारी के दौरान उनके यहां भी संबंधित विभाग अधिकारियों ने पहुंचकर व्यवस्था देखी और संतुष्ट होकर व्यवस्था पर हर्ष जताया। हाजी अफजल कुरैशी के अनुसार उनके गैस एजेंसी अथवा गोदाम पर पहुंचने वाले किसी भी गैस उपभोक्ता को परेशान नहीं किया जाता बल्कि जो सिस्टम को धता बताकर गैस लेना चाहते हैं, ऐसे लोगों को ही किल्लत दिखाई दे रही है जबकि वास्तविकता यह है कि कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने समस्त गैस उपभोक्ताओं से शासनादेशानुसार बुकिंग के बाद सिस्टम को फॉलो करते हुए गैस प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही पहले आओ पहले पाओ वाला सिस्टम गैस उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध्व कराने में सरलता प्रदान कर रहा है।

# घायल युवक की मौत के बाद मुकदमे में बढ़ाई जाएगी धाराएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रविदास जयंती पर निकाले गए जुलूस के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद दर्ज मुकदमे में अब हत्या की धाराएं बढ़ाई जाएंगी। पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि दो फरवरी को ग्राम कासमाबाद में रविदास जयंती के अवसर पर जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान जुलूस में करतब दिखाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट के दौरान रूप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मेरठ में उपचार के दौरान 14 मार्च की सुबह रूप सिंह ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी नीतू देवी की तहरीर पर पुलिस ने अंशु व महिपाल सिंह पुत्रगण महीपाल सिंह तथा पुष्पेंद्र पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम पोता, थाना नूरपुर के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अंशु और महिपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि तीसरा आरोपी पुष्पेंद्र अभी भी फरार चल रहा है। सुबह रूप सिंह की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस उनके घर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। इसके बाद शाम को पुलिस की मौजूदगी में रूप सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में पहले से मुकदमा दर्ज था और अब घायल की मौत के बाद मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ाई जाएंगी। फरार आरोपी की तलाश जारी है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत



**स्योहारा।** रामलीला ग्राउंड के सामने आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार खाली ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान ज्योति (22 वर्ष) पत्नी मंगल सिंह निवासी ग्राम लालापुरी खाबड़ी, थाना धनौरा जिला अमरोहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ज्योति इन दिनों अपने मायके मौहल्ला हिंदू चौधरियान स्योहारा में रह रही थी। बताया जा रहा है गन्ने का खाली ट्रक तेज गति से रामलीला ग्राउंड के सामने से गुजर रहा था, तभी उसने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया बताया जा रहा है कि मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। जिनमें एक बेटा लगभग तीन वर्ष का और एक बेटी करीब छह वर्ष की है। मां की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अवध शुगर मिल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अवध शुगर मिल द्वारा समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मिल की डिस्पेंसरी में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 370 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ मिल के अधिशासी अधयक्ष सुखबीर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन हमेशा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए तत्पर रहता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। ताकि ग्रामीण व जरुरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। स्वास्थ्य शिविर में मुरादाबाद से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। डा. अनुराग मल्होत्रा, डा. सिद्धार्थ, डा. अंकुर डा. नेहा, डा. श्रुति एवं डा. मौहम्मद इकराम सहित अन्य चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित दवाइयां प्रदान की।

मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह की मौजूदगी में शिविर का सफल संचालन किया गया। शिविर में अधिशासी उपाध्यक्ष सुवील विवेककांत शर्मा, प्रमोद कुमार, मुकेश मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, जेके सिंह, दिनेश कुमार, अरविंद कुमार सहित मिल के अनेक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

क्षेत्रीय लोगों ने अवध शुगर मिल प्रबंधन के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से गरीब और जरुरतमंद लोगों को काफी राहत मिलती है और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती है।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



























# दूसरे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा से 2461 रहे नदारद

## नगर के दस केन्द्रों पर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा, अधिकारियों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन पंजीकृत 9120 अभ्यर्थियों से 2461 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा नगर के केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई।

रविवार को नगर के दस परीक्षा केन्द्रों पर यह पंजीकृत 9120 अभ्यर्थियों में से 6659 ने परीक्षा दी जबकि 2461 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में 4560 अभ्यर्थियों में से 3330 जबकि दूसरी पाली में 4560 अभ्यर्थियों में से 3329 ने परीक्षा दी जबकि दोनों पालियों में कुल 2461 अभ्यर्थी





परीक्षा देने नहीं पहुंचे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र के गेट पर तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को परीक्षा को नकल. विहीन व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। सभी केन्द्रों पर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की तैनाती रही और अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश दिया गया। उधर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय रहा। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सीओ और कोतवाल ने स्वयं मोर्चा संभाला, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और शहर में जाम की स्थिति भी न बने। जनपद में परीक्षा ए0के0के0 इंटर कॉलेज, भगवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-ए, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-बी, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज और सिख इंटर कॉलेज में आयोजित की गई, जहां पूरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा सम्पन्न होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।



# जाम के झाम में फंसे अभ्यर्थी

## पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे जाम लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। दरोगा भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी अभ्यर्थियों को जाम से दो चार होना पड़ा। परीक्षा केंद्रों से एक साथ अभ्यर्थी जब बाहर आए तो टीपी नगर चौराहा, बिजनौर रोड,जोया पुल समेत आसपास के मार्ग जाम की गिरफ्त में रहे। सुबह से रुक रुक हो रही बारिश और जाम दोनों ने लोगों की परेशानियों में इजाफा कर दिया। ट्रैफिक व सिविल पुलिस कर्मियों ने मशक्कत कर किसी तरह यातायात सुचारू करा लोगो को जाम से रास्ता दिलवाया।

रविवार को शहर के दस परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में दरोगा भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान जाम से लोगों को न जूझना पड़े, इसके लिए पहले ही रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया था। पहली पाली 12.15 और दूसरी पाली पांच बजे समाप्त होने पर अभ्यर्थी जब एक साथ केंद्रों से बाहर निकले तो वाहनों को दबाव अधिक होने से टीपी नगर चौराहा, बिजनौर रोड, स्टेशन रोड, जोया पुल पर वाहनों की लाइनें लग गई। जाम मे फंसने से पहली पाली की परीक्षा देकर निकले और दूसरी पाली की परीक्षा देने के लिए शहर में प्रवेश करने वाले अभ्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसी तरह मशक्कत कर ट्रैफिक व सिविल पुलिस ने जाम खुलवाकर लोगों को रास्ता दिलवाया।

# ट्रैक्टर से भिड़ा टैम्पो नौ लोग घायल

## चालक की हालत गंभीर, मुरादाबाद में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा के अव्वलपुर क्षेत्र में एक ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो चालक सहित नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टेंपो चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यह घटना 11 मार्च की दोपहर करीब एक बजे हुई। धनौरी मीर गांव निवासी यूनुस ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई यूसुफ अपने टेंपो से नौगांवा सादात से सवारियां लेकर अमरोहा जा रहा था। जैसे ही टेंपो मखदूमपुर गांव के सामने पहुंचा, पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो में सवार सभी नौ लोग घायल हो गए। घायलों में टेंपो चालक यूसुफ की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें तत्काल मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने यूनुस की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# दलित व वंचित समाज के लिए समर्पित थे कांशीराम

## जयंती पर सदर विधायक ने किया याद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि स्व. कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित व वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

रविवार को आजाद रोड स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर बहुजन आंदोलन के प्रणेता स्व. कांशीराम की जयंती मनाई। इस इा दौरान कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। विधायक महबूब अली ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित और वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। वह समाज के कमजोर वर्गों को संगठित करने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने दलित शोषित समाज के सशक्तिकरण के लिए कई संगठनों की स्थापना की और बहुजन आंदोलन को नई दिशा दी। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी परवेज अली, मुख्तार नकवी, वीरभान सिंह यादव, शशिकांत गोयल, राधेलाल रघुवंशी, रोहित जाटव, सुनील जाटव, रामगोपाल जाटव, वहाब सैफी, अंसार मेम्बर, इमरान पहलवान, शफीक प्रधान, आलम लतीफ, रियाजुल प्रधान, जाहिद अली, आलमीन सैफी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पांच दिन से गैस न मिलने पर फूटा नागरिकों का गुस्सा

# सिलेंडर सड़क पर रखकर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में पिछले पाँच दिनों से जारी रसोई गैस की भारी भारी दिक्कत होने से उपभोक्ताओं ने खाली गैस सिलेंडर सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

रविवार को गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने गजरौला मार्ग पर हसनपुर गैस एजेंसी के गोदाम पर खाली सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। जिससे सड़क के दोनों और जाम लग गया। गजरौला मार्ग स्थित इंडियन गैस गोदाम पर तड़के 4:00 बजे से ही गैस न मिलने से परेशान लोग खराब मौसम होने के बावजूद व ठंड को भी दरकिनारे करते हुए गैस के गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गये थे। हताश उपभोक्ताओं ने बताया कि वह पिछले 5 दिनों से गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। शाम तक लाइन में लगने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सड़क जाम की सूचना मिलते



ही कस्बा इंचार्ज रामप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गये। उन्होंने आक्रोशित लोगों को शांत कराया। और गैस आपूर्ति सुचारू कराने का आश्वासन दिया। पुलिस के समझाने के बाद ही उपभोक्ताओं ने जाम खोल दिया। बताया जा रहा है कि कई उपभोक्ता पिछले 2 दिनों से सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इस दौरान गैस एजेंसी स्वामी से उपभोक्ताओं की नोक झोंक भी हुई है।

# चोरी के मामले में दो साल पांच माह की सजा

## कोर्ट ने एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दुकान की दीवार काटकर की गई चोरी के करीब चार साल पुराने मामले में अदालत ने 2 साल 5 महीने 11 दिन जेल की सजा सुनाई, दोषी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामला डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया के मोहल्ला चौधरियान से जुड़ा था। यहां रहने वाले सुनील कुमार की दुकान में 22 सितंबर 2023 की रात चोरी की घटना हुई थी। दुकान की दीवार काटकर अंदर घुसे चोरों ने हजारों रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया था। मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने सुबूत के आधार पर क्षेत्र के गांव सैतली निवासी मोहम्मद आमिर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। बाद में उसे जमानत मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए साक्ष्य तथा पत्रावली के अवलोकन के बाद अदालत ने मोहम्मद आमिर को दोषी करार दिया। दो साल 5 महीने 11 दिन जेल की सजा सुनाई तथा एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# नाबालिग घर से नकदी व जेवर लेकर फरार

## युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अव्वलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की घर से नकदी और जेवर लेकर फरार हो गई। आरोप है कि राहुल नामक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।यह घटना मार्च महीने की रात 11 बजे हुई, जब परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त था। पीड़ित किसान के अनुसार, उनकी नाबालिग बेटी घर में रखे करीब ढाई लाख रुपये नकद और सोना-चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई। परिवार ने इस संबंध में युवक पर आरोप लगाया है। जब पीड़ित किसान इस मामले में जानकारी लेने आरोपी राहुल के घर पहुंचे, तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें धमकाया। इसके बाद किसान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने नाबालिग लड़की की तलाश शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है।

# बारिश के बावजूद भी सिलेंडर लेने को लगी उपभोक्ताओं की लाइन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते बढ़ी एलपीजी गैस की किल्लत के बीच रविवार को भी बारिश के बाबजूद उपभोक्ताओं ने छह बजे से ही लाइन लगानी शुरू कर दी थी। ऑफिसों पर वाउचर के लिए तो वहीं गैस गोदामों पर गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ता घंटो घंटो तक लाइन में लगे रहे। कहीं कहीं महिलाओं ने गुस्सा व रोष दिखाते हुए शोर शराबा भी किया, पुलिस की मौजूदगी में ही सिलेंडरों का वितरण हुआ। बता दें कि नगर में तीन गैस एजेसियां सक्रिय हैं, लगातार तीनों एजेंसियों से ही गैस का वितरण जारी है मगर इसके बाद भी

### पुलिस की मौजूदगी में वितरित हुए सिलेंडर

लाइन है कि कम होने का नाम हीं नहीं ले रही है। रविवार को बारिश के बाबजूद भी उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े हो गए। बारिश से बचने के लिए किसी ने छाता लगा रखा था तो कोई प्लास्टिक के कटटे और पॉलीथीन को सिर पर ओढ़कर बारिश से बचने की कोशिश कर रहा था। तीनों गैस एजेसियों पर गैस का वितरण हुआ मगर घंटो तक लाइनें लगीं रहीं। वहीं कुछ लोग खाली हाथ भी लौटे। उनका आरोप है कि बुकिंग के तीन दिन बाद भी गैस नहीं मिल पा रही है।

# आसपा ने स्थापना दिवस पर कांशीराम को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। आजाद समाज पार्टी स्व. कांशीराम का जन्मदिन को पार्टी के स्थापना दिवस के रूप में मनाया। पुराना रोड के निकट बैंकेट हाल में आसपा द्वारा स्व. कांशीराम जी का 92वां जन्मोत्सव मनाया गया। लीगल सेल जिलाध्यक्ष योगेन्द्र एडवोकेट कहा कि आज ही के दिन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की स्थापना हुई थी। आसपा का ये छठवां स्थापना दिवस समारोह होगा। जो 2027 को फतह करने के संकल्प के साथ मनाया गया। कहा कि स्व. कांशीराम का पूरा जीवन दलितों, वंचितों व कमजोर वर्गो के हितों की रक्षा करने तथा उन्हें न्याय दिलाने में व्यतीत हुआ। कार्यक्रम में अजब सिंह एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, विकेश कुमार, प्रशांत फौंदापुरिया, प्रशांत अंबेडकर, हरिओम एडवोकेट, अरुण कुमार, देवीलाल भगत जी, देशबंधु सागर, अनिल कुमार आदि मासैजूद रहे।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## पाक के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके साथ ही उनके लगभग दो दशक लंबे शानदार करियर का अंत हो गया। कराची में जन्मे इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवम्बर 2007 में जयपुर में भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 54 टेस्ट, 117 एकदिवसीय और 61 टी-20 मैच खेले, जिनमें उन्होंने 6,164 रन बनाए। इनमें छह शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। विकेट के पीछे रहते हुए सरफराज ने 315 कैच लपके और 56 स्टंपिग कीं। सरफराज ने सभी फॉर्मेट को मिलाकर 100 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी भी की, जिनमें 50 एकदिवसीय, 37 टी-20 और 13 टेस्ट मैच शामिल हैं।

## रिषभ का लगातार दूसरा शतक, उत्तर क्षेत्र का चैंपियन बनना तय

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिषभ सिंह (नाबाद 100) के लगातार दूसरे शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को रविवार को रोशनारा क्लब मैदान में 10 विकेट से रौंद कर जेके बोस टूर्नामेंट जीतना सुनिश्चित कर लिया है। दक्षिण क्षेत्र चार विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद, उत्तर क्षेत्र ने 18.2 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 188 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। पिछले मैच में पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ शतक लगाने वाले रिषभ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एक ओर शतक ठोका। रिषभ ने 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। लगातार दूसरी जीत के साथ उत्तर क्षेत्र का चैंपियन बनना तय हो गया है।

## राहगीरी दिवस पर फिर लौटा कनॉट प्लेस में 'संडेज ऑन साइकिल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** राहगीरी दिवस पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' का 65वां संस्करण देशभर में 5000 से अधिक जगहों पर आयोजित किया गया। इस आयोजन ने देश के समुद्रों और पहाड़ों, रेगिस्तानों और जंगलों को एक ही आंदोलन के जिरए आपस में जोड़ दिया। 300 से अधिक 'फिट इंडिया चैंपियंस' और एंबेसडर्स, साथ ही कई खास मेहमानों ने इस साइकिलिग कार्यक्रम की अगुवाई की। ए कार्यक्रम ओडिशा के कोकराझार से लेकर पंजाब के बादल और दक्षिण में एलेप्पी तक तथा नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में इसका आयोजन किया गया। पटना में, बिहार की युवा और ऊर्जावान खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने 'संडेज ऑन साइकिल' में हिस्सा लिया और खुद आगे बढ़कर लोगों के लिए एक मिसाल कायम की। असम में, असम सरकार की सहायक आयुक्त, एमएमए फाइटर, कराटे ब्लैक बेल्ट होल्डर और एक अनुभवी साइकिलिस्ट, रीमा तृषा हलोई ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम सम्मानित

# गिल-मंधाना को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

### द्रविड़-मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला




**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई के नमन अवार्ड 2026 के समारोह में भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवार्ड दिया गया है।

वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चौंपियंस ट्राफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्राफी दी गई।

फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुई। अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवार्ड दिया गया है। यहां बीसीसीआई 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी, 2024 टी-20 वर्ल्डकप जिताने वाले कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।

इनमें भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड दिया गया। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय टीम ने 8 मार्च को अहमदाबाद में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्राफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सभी फार्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। स्मृति मंधाना ने पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए।

इनमें 7 शतक शामिल रहे। इनमें से 6 शतक वनडे क्रिकेट में आए। जबकि एक शतक टी-20 इंटरनेशनल में आया। मंधाना ने 3 वनडे में 1311 रन बनाए। उन्होंने 12 टी-20 मैचों में 489 रन बनाए। द्रविड़ को क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन बनाए और एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को तैयार किया और प्रतिभा की मजबूत पाइपलाइन बनाई। उनकी कोचिंग में भारत ने 2018 में अंडर-19 विश्व कप जीता।

बाद में भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में उन्होंने 2024 में भारत को अइाईसीसी मेंस टी20 विश्व कप जिताया। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान दिया। वे 1983 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी ने 1985 वर्ल्ड चौंपियनशिप ऑफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम में भी जगह बनाई थी। वह पहले भारतीय क्रिकेटर थे, जिन्होंने वनडे मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की शुरुआत की। बतौर कोच और प्रशासक के रूप में भी योगदान दिया।

## पांचवां पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट आज से खालसा कॉलेज में

### टूर्नामेंट आज से 24 मार्च तक दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवां पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी आमंत्रण टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 16 से 24 मार्च तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में प्रति वर्ष की भांति आयोजित किया जाएगा।

सोमवार से शुरु हो रही प्रतियोगिता का उद्घाटन पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) के सलाहकार मुख्य अतिथि ललित वत्स करेंगे।

गेस्ट ऑफ ऑनर प्रोफेसर सरिता त्यागी, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी होंगी। इस अवसर पर मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिदर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

खालसा कॉलेज की डायरेक्टर, फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस सुश्री इंदरप्रीत कौर के अनुसार यह टूर्नामेंट इंटर कॉलेज लेवल पर पुरुष और महिला वर्ग में होगा। पुरुष हॉकी में सात टीमें और महिला वर्ग में चार टीमें भाग ले रही हैं। दोनों वर्गों में यह लीग कम नॉकआउट प्रारुप में होगी। पूल की दो शीर्ष टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा।

**पुरुष वर्ग:** एसजीटीबी खालसा कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, सेंट स्टीफन कॉलेज, हंसराज कॉलेज, श्याम लाल कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस और एमिटी यूनिवर्सिटी।

# सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता : रोहित



● कहा : हम उम्मीद कर रहे हैं भारत की पुरुष और महिला टीमों ने जो खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सब कुछ कड़ी मेहनत से हासिल होता है। उन्होंने कहा कि उम्मीद कर रहे हैं कि भारत के पुरुष और महिला टीमों ने जो आईसीसी खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो।

दो बार ट्रॉफी जीत चुके रोहित ने शनिवार को कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम कर रहे काफी सारे लोग भी इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए कई सारे लोगों को क्रेडिट दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से हम जो देख रहे हैं कि हमारा झंडा लहरा रहा है और हमने जो भी हासिल किया है उसे देखकर मैं बेहद खुशी और गर्व महसूस करता हूं। केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट ने भी शानदार सफलता हासिल की है, मुंबई में उन्हें विश्व कप जीतते देखना शानदार था। हाल ही में पुरुष टीम ने टी-20 विश्व कप जीतकर जो किया वह तो अदभुत था। मैं उम्मीद करता हूं ए शुरुआत हो, यहां से पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि जब आपको मोमेंटम मिल जाता है तो आपको उसे बनाए रखना चाहिए क्योंकि हमेशा क्रिकेट में मोमेंटम की बात होती रहती है। उल्लेखनीय है कि जून 2024 में रोहित की कप्तानी में भारत ने टी-20 विश्व कप जीता था और यहीं से उनके आईसीसी ट्रॉफी जीतने की शुरूआत हुई थी। मार्च 2025 में रोहित की ही कप्तानी में टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। भारत की अंडर-19 टीम ने भी महिला और पुरुष दोनों वर्गों का विश्व कप जीता है। अंडर-19 पुरुष टीम ने पिछले महीने आयुष म्हात्रे की कप्तानी में तो वहीं अंडर-19 महिला टीम ने निकी प्रसाद की कप्तानी में 2025 में ट्रॉफी उठाई थी। भारत के लिए अगला आईसीसी टूर्नामेंट अब महिला टी-20 विश्व कप होगा। जो 12 जून से ब्रिटेन में शुरु होगा। टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप 1 में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है।

# आईसीसी ने सलमान को लगाई फटकार, एक डिमेरिट अंक दिया



● आगा सलमान को आर्टिकल 2-2 का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों आदि के दुरुपयोग से संबंधित है

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मीरपुर में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाज आगा सलमान को फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया गया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार आगा सलमान को आर्टिकल 2-2 का दोषी पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों या मैदान से जुड़ी चीजों के दुरुपयोग से संबंधित है।

यह घटना पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में उस समय हुई जब अजीबो गरीब तरीके से रनआउट होने के बाद आगा ने अपने ग्लव्स और हेलमेट मैदान पर फेंक दिए। 62 गेंद पर 64 रन बनाने वाले आगा नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से बाहर थे। मोहम्मद रिजवान ने गेंद को सीधे गेंदबाज मेहदी हसन मिराज की ओर खेला और मिराज ने गेंद को पैर से रोक लिया। आगा अभी भी क्रीज से बाहर थे और गेंद उठाकर गेंदबाज को देने ही वाले थे, तभी मिराज ने गेंद पकड़कर थ्रो करते हुए विकेट गिरा दिए। इस तरह से आउट होने के बाद आगा गुस्से में दिखे। हालांकि बाद में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने 'खेल भावना' की बात की और कहा कि अगर वह मिराज की जगह होते तो मामला अलग तरीके से संभालते। आगा ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी नियामुर राशिद राहुल की प्रस्तावित सजा को मान लिया।

# जयपुर सोल्जराथॉन-2026 मैराथन में हजारों दौड़े

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में जयपुर के सैन्य छावनी में आयोजित वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन- 2026 मैराथन में साढ़े चार हजार से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की। रक्षा सूत्रों ने रविवार को बताया कि जयपुर सैन्य छावनी में स्थित गांडीव स्टेडियम में आयोजित इस दौड़ में सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर धावक, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल थे, जिन्होंने फिटनेस और देशभक्ति की भावना का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित होकर इस आयोजन को विशेष बनाया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक सशक्त नई पहल के रूप में आयोजित यह पहला वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरे सम्मान की भावना से प्रेरित एक आंदोलन की शुरुआत है, जिसका सार रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर के संदेश में निहित है। इस आयोजन ने



नागरिकों को केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए दौड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे फिट भारत की परिकल्पना को बल मिला और से यस टू स्पोर्ट्स , नो टू ड्रग्स का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। सूत्रों ने बताया कि यह दौड़ भारत के घायल सैनिकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने का भी माध्यम बनी। इस अवसर पर पैराप्लेगिक रिहैबिलिटेशन सेंटर के समर्थन के माध्यम से उन सैनिकों के अदम्य साहस को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान रीढ़ की गंभीर चोटें झेली हैं। इससे पहले मैराथन को मिजोरम के राज्यपाल सोल्जराथॉन के संरक्षक जनरल (डा.) वीके सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल मंजींदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान भी उपस्थित रहे। इन विशिष्ट व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने फिटनेस को प्रोत्साहित करने, युवाओं को प्रेरित करने तथा सैन्य-नागरिक सौहार्द को सुदृढ़ बनाने के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# खिताब के लिए भिड़ेंगे मेदवेदेव-सिनर


● डेनिल मेदवेदेव और जैनिक सिनर के बीच इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** रूस के दिग्गज खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर के बीच इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। डेनिल मेदवेदेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्काराज को हराकर इंडियन वेल्स के फाइनल में जगह बना ली है।

जहां उनका मुकाबला जैनिक सिनर होगा। रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव ने तेज शुरुआत की और एक घंटा 37 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज पर 6-3, 7-6 (7-3) से जीत हासिल की। अल्काराज ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की थी और मेदवेदेव से मुकाबला होने तक वे लगातार 16 मैच जीत चुके थे। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने अल्काराज की इस साल चली आ रही 16 जीतों के सिलसिले को समाप्त कर दिया। मुकाबला जीतने के बाद मेदवेदेव ने कहा कि कार्लोस जैसे खिलाड़ी को हराना - जो दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी है - एक शानदार एहसास है। एक तरह से, जब आप उनके साथ, या जैनिक सिनर, या नोवाक जोकोविच के साथ खेलते हैं, तो रैंकिग कोई मायने नहीं रखती। उनके साथ खेलना ही एक बेहतरीन एहसास है, और उन्हें हराना, जाहिर है, और भी अधिक अच्छा लगता है।

अल्काराज ने कहा कि मुझे डनिल को इसका श्रेय देना होगा। मुझे लगता है कि उन्होंने एक जबरदस्त मैच खेला। मैच की शुरुआत से लेकर आखिर तक, वे अविश्वसनीय खेल रहे थे, मुझे यह कहना ही पड़ेगा।

सच कहूं तो, मैंने डनिल को इस तरह खेलते हुए पहले कभी

नहीं देखा। इससे पहले दिन में,इटली के जैनिक सिनर ने चौथे वरीयता प्राप्त जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार इंडियन वेल्स फाइनल में जगह बनाई। सिनर ने चौथे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से हराया।

# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया




● दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** नकोबानी मोकोएना (तीन विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन तथा केशव महाराज (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कॉनर एस्टरहाउजन (नाबाद 45) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 20 गेंदें शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

92 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 28 रन के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। टोनी डीजॉर्जी (दो) और रूबिन हरमन (सात) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेसन स्मिथ ने कॉनर एस्टरहाउजन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने जेसन स्मिथ (10) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने 16.4 ओवरों में तीन विकेट पर 93 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कॉनर एस्टरहाउजन ने 48 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 45 रनों की पारी खेली। डियान फॉरेस्टर ने नाबाद 16 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए काइल जेमीसन, जैकरी फॉक्स और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक लगातार विकेट गंवाए। डेवोन कॉनवे (एक), टॉम लैथम (सात), टिम रॉबिन्सन (छह), निक केली (दो) और बेवन जैकब्स (10) रन बनाकर आउट हुए। एक समय न्यूजीलैंड ने 36 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर और जेम्स नीशम की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट लिए 22 रन जोड़े।

10वें ओवर में केशव महाराज ने मिचेल सैंटनर (15) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कोल मैककॉन्ची ने भी पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने नीशम के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े। नीशम ने 21 गेदों में 26 रन बनाए। कोल मैककॉन्ची ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए। दोनों ही बल्लेबाजों को नकोबानी मोकोएना ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 14-3 ओवरों में 91 रन के स्कोर पर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने तीन विकेट और गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन तथा केशव महाराज दो-दो विकेट लिए।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से हराया



**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (78), जॉर्जिया प्लिमर (63) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के बाद सोफी डिवाइन (चार विकेट) और जेस केर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अमेलिया केर को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। 191 रनों के लक्ष्य का दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 80 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए ताजिमन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। इसकेअलावा एन डी क्लर्क (19), सूने लूस और (10) रन बनाकर आउट हुई। कायला रेनेके ने 18 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सोफी डिवाइन ने 12 रन देकर चार विकेट और जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड को पारी की पहली गेंद पर इजाबेला गेज (शून्य) रनआउट के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिमर के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में एम क्लास ने अमेलिया केर को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। अमेलिया केर ने 44 गेंदों में 11 चौके और तीन दो उड़ाते हुए 78 रन बनाए। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने जॉर्जिया प्लिमर को आउट किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 16 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चुनाव की घोषणा

रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने असम की 126, केरल की 140, पुड्डुचेरी की 30, तमिलनाडु की 234 और पश्चिमी बंगाल की 294 सीटों वाली विधानसभाओं के लिए चार राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए चुनाव की घोषणा कर दी। जहां असम, केरल और केंद्रशासित पुड्डुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में चुनाव कराया जाएगा। वहीं पश्चिमी बंगाल में दो चरणों में चुनाव होगा। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के अनुसार असम, केरल, पुड्डुचेरी में चुनाव 9 अप्रैल को होगा, जबकि तमिलनाडु का चुनाव भी 1 चरण में 23 अप्रैल को होगा। पश्चिमी बंगाल में 23, 29 अप्रैल को चुनाव कराए जाएंगे। ये चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब एसआईआर को लेकर घमासान मचा हुआ है और लगभग तमाम विपक्ष ही एक स्वर में चुनाव आयोग पर यह आरोप लगा रहा है कि उसने पारदर्शिता से काम नहीं लिया है और बड़ी संख्या में मतदाताओं को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है। प. बंगाल जहां एसआईआर को लेकर सबसे ज्यादा बवाल मचा है और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बीते बुधवार से धरने पर बैठी हैं। 60 लाख से अधिक मतदाता एसआईआर प्रक्रिया के तहत वोट देने से वंचित कर दिए गए हैं। निश्चित रूप से यह बड़ी संख्या है और इस पर गंभीरता से विचार होना ही चाहिए। बेशक चुनाव आयुक्त को संवैधानिक रूप से यह अधिकार मिला हुआ है कि वह ऐसी व्यवस्था करे जिससे कोई पात्र वोटिंग होने से वंचित न रह पाए। वहीं, अपात्र लोग चुनाव प्रणाली में हिस्सा न लें, लेकिन ऐसा करते हुए बेहद सावधानी की जरूरत भी है और यह केवल कोई भी अपने बलबूते नहीं कर सकता। उसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। चुनाव आयोग यहां कुछ पिछड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि वह कह रहा है कि उसने अपनी तरफ से भरसक कोशिश की है कि त्रुटिरहित वोटर लिस्ट बने जिसमें किसी भी कीमत पर पात्र लोगों के नाम न छूट पाएं, लेकिन जैसाकि हमने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग के तर्क को नहीं मानता और उसका मानना रहा है कि उसका झुकाव केंद्र की मोदी सरकार की तरफ है और उसके इशारे पर ही वह अपना काम करता है। निश्चित रूप से यह विपक्ष का गंभीर आरोप है और इस पर सफाई आनी ही चाहिए, लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से अब तक जो सफाई आई है वह दुर्भाग्य से दूर करती दिखाई नहीं दे रही है। भले ही चुनाव आयोग की मंशा कितनी भी साफ क्यों न हो, अगर उस पर संदेह के बादल मंडराते हैं, तो यह भी उसकी जिम्मेदारी है कि वह इन संदेह को दूर करे। आखिर चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी तभी कहे जाएंगे, जब सबकी भागेदारी उसमें हो। यह अच्छी बात है कि अबकी बार राज्यों के चुनावों में चुनाव आयोग समय सीमा घटाई है और सात से दो चरणों में ले आया है।

## शासन में निरंतरता एक बुनियादी सच्चाई



ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह इस दौरान परिदृश्य में नहीं है और इसका अदृश्य होना सरकार की कूटनीति के लिए और बड़ा झटका है, सरकार को चाबहार परियोजना को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बताना चाहिए कि क्या भारत अब भी इस परियोजना में शामिल है, अगर ऐसा नहीं है तो यह भारत के लिए बड़ा रणनीतिक झटका है, इस परियोजना में स्थिति क्या है या क्या फिलहाल उसके निवेश संबंधी दायित्व पूरे हो चुके हैं, चाबहार के परिदृश्य में नहीं होना पश्चिम एशिया कूटनीति में भारत के लिए दूसरा रणनीतिक झटका दिखता है, तार्जिकस्तान के अयनी के वायुसेना अड्डे को भारत पहले ही बंद कर चुका है, शासन में निरंतरता एक बुनियादी सच्चाई है, जिसे मोदी कभी स्वीकार नहीं करते।

**–जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# डाटा, सहमति और संविधान : डिजिटल शक्ति पर भारत को पुनर्विचार करना होगा





अली ज़ैदी

डिजिटल युग में डेटा नई शक्ति बन चुका है। जिस तरह औद्योगिक क्रांति के दौर में संसाधनों और पूंजी ने आर्थिक संरचना को परिभाषित किया था, उसी तरह आज डेटा वैश्विक अर्थव्यवस्था और सत्ता के नए समीकरण तय कर रहा है। भारत, जहां दुनिया के सबसे बड़े इंटरनेट उपयोगकर्ता समुदायों में से एक मौजूद है, इस परिवर्तन के केंद्र में खड़ा है, लेकिन इस तेज डिजिटल विस्तार के साथ एक बुनियादी संवैधानिक प्रश्न भी उभर रहा है क्या भारतीय नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा पर उनका नियंत्रण है, या यह नियंत्रण धीरे-धीरे वैश्विक तकनीकी कंपनियों के हाथों में सिमटता जा रहा है?

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की 2021 की विवादित प्राइवेसी नीति से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणियां कीं, उन्होंने इस बहस को नई गंभीरता प्रदान की है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कंपनियों को नागरिकों के निजता के अधिकार के साथ खेलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि व्यक्तिगत डेटा का उपयोग केवल व्यावसायिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ प्रश्न है। यह टिप्पणी दरअसल डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक बड़े संकट की ओर इशारा करती है सहमति का संकट। आधुनिक डेटा सुरक्षा कानूनों की बुनियाद इस विचार पर टिकी है कि उपयोगकर्ता अपनी जानकारी स्वेच्छा से साझा करते हैं, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह सहमति अक्सर वास्तविक नहीं बल्कि परिस्थितियों से निर्मित होती है।

आज अधिकांश डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं के सामने स्वीकार करें या सेवा छोड़ दें जैसी स्थिति रखते हैं। जब एक व्यक्ति के लिए डिजिटल संचार, बैंकिंग, रोजगार और सामा. जिक संपर्क लगभग पूरी तरह इन प्लेटफॉर्मों पर निर्भर हो जाए, तब ऐसी सहमति को पूरी तरह स्वतंत्र नहीं कहा जा सकता। इसी कारण कई विशेषज्ञ इसे निर्मित सहमति कहते हैं। उपयोगकर्ताओं को अक्सर लंबी और जटिल गोप. नीयता नीतियों को बिना समझे स्वीकार करना पड़ता है। इससे डिजिटल प्लेटफॉर्मों को विशाल मात्रा में व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच मिल जाती है, जिसका उपयोग केवल सेवा सुधार के लिए ही नहीं बल्कि व्यापक डेटा-आधारित व्यावसायिक मॉडल के लिए भी किया जाता है। इस बहस का संवैधानिक आधार सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय Justice KASA Puttaswamy v Union of India (2017) में मिलता है। इस मामले में अदालत ने स्पष्ट किया था कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है। यह निर्णय केवल राज्य की निगरानी तक सीमित नहीं थाय इसने यह भी संकेत दिया कि नागरिकों की सूचना संबंधी गोप. नीयता लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है।

इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट us Shreya Singhal v Union of India (2015) में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A को निरस्त करते हुए यह स्पष्ट किया था कि डिजिटल क्षेत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को किसी भी अस्पष्ट और मनमाने कानून से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त Anuradha Bhasin v Union of India (2020) में अदालत ने यह भी कहा कि इंटरनेट तक पहुंच अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग से गहराई से जुड़ी हुई है। इन निर्णयों ने यह स्थापित किया कि डिजिटल स्पेस केवल तकनीकी क्षेत्र नहीं बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों का विस्तार है। इसी संदर्भ में डेटा का अत्यधिक केंद्रीकरण एक नई चिंता बनकर उभर रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के पास केवल उपयोगकर्ताओं की बुनियादी जानकारी ही नहीं होती, बल्कि उनके व्यवहार, पसंद, सामाजिक नेटवर्क, आर्थिक गतिविधियों और यहां तक कि राजनीतिक विचारों से जुड़ा विशाल डेटा भी मौजूद होता है। जब ऐसी सूचना शक्ति कुछ सीमित कंपनियों के हाथों में केंद्रित हो जाती है, तो यह केवल निजता का प्रश्न नहीं रह जाताकृयह प्रतिस्पर्धा, लोकतंत्र और डिजिटल संप्रभुता से जुड़ा मुद्दा बन जाता है। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में Digital Personal Data Protection Act 2023 लागू किया है, लेकिन किसी भी कानून की वास्तविक प्रभावशीलता उसके क्रियान्वयन और नियामकीय संरचना पर निर्भर करती है। यदि डेटा संरक्षण ढांचा मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह नहीं होगा, तो नागरिकों की सूचना सुरक्षा केवल कागजी प्रावधान बनकर रह जाएगी। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स और डेटा आधारित सेवाओं के कारण तेजी से बढ़ने वाली है। यह विकास निस्संदेह आर्थिक अवसरों का एक विशाल द्वार खोलता है। लेकिन इसके साथ यह जोखिम भी जुड़ा है कि नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा एक व्यावसायिक वस्तु में बदल जाए। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों को इसलिए केवल एक कंपनी की नीति पर प्रतिक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह दरअसल एक व्यापक संवैधानिक चेतावनी है कि तकनीकी नवाचार को नागरिकों के मौलिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता।

भारत के सामने चुनौती यह नहीं है कि वह डिजिटल विकास को रोकेकृबल्कि यह सुनिश्चित करे कि यह विकास संवैधानिक मूल्यों, नागरिक स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन के साथ आगे बढ़े। अंततः सवाल यह नहीं है कि तकनीक आगे बढ़ेगी या नहींकृवह निश्चित रूप से आगे बढ़ेगी। असली सवाल यह है कि क्या यह विस्तार उस संवैधानिक ढांचे के भीतर होगा जो प्रत्एक नागरिक की निजता, गरिमा और स्वायत्तता की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने दिशा स्पष्ट कर दी है। अब जिम्मेदारी विधायिका, नियामकों और तकनीकी कंपनियों की है कि भारत की डिजिटल यात्रा में संविधान ही अंतिम मार्गदर्शक बना रहे।

लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं,
ये उनके निजी विचार हैं

# टीकाकरण : लाखों जिंदगियां बचाने का संकल्प

भारत में लोगों को टीकाकरण का महत्व बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 मार्च को 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' मनाया जाता है। दरअसल टीकाकरण कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए बेहद जरूरी होता है। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद वायरस और बैक्टीरिया अक्सर हमें अपनी चपेट में लेकर बीमार कर देते हैं, ऐसे में वैक्सीन इन वायरस अथवा बैक्टीरिया के खिलाफ हमारी रक्षा करते हुए कई गंभीर बीमारियों से बचाती है और टीकाकरण की मदद से ही हम विभिन्न संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह पाते हैं।


यह दिवस मनाने का उद्देश्य गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए टीकाकरण के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करना है, साथ ही यह प्रत्एक बच्चे के टीकाकरण को सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और फ्रंटलाइन हैल्थ केयर वर्कर्स की कड़ी मेहनत को सरा. हने का भी अवसर है। यह अवसर टीकाकरण की आवश्यकता को दर्शाते हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। टीकाकरण दिवस एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य देखभाल श्रमिकों, साथ ही अन्य हित धारकों और उनके काम की योग्य मान्यता को प्रोत्साहित करना है।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की शुरुआत भले ही बच्चों की वैक्सीन के साथ हुई हो लेकिन इसका महत्व सभी के लिए है। दरअसल वैक्सीन केवल बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि बड़े-बुजुर्गों के लिए भी बेहद जरूरी होती है। वैक्सीन का विकास मानव इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जाता है। वैक्सीन न केवल बच्चों को बल्कि बड़ों को भी कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मददगार साबित होती है। वैक्सीन कई खतरनाक और गंभीर बीमारियों को रोकने का एक प्रभावी माध्यम है। टीकाकरण न केवल गंभीर बीमारियों के प्रसार को घटाता है बल्कि वैक्सीन शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ाती है। टीकाकरण मूल रूप से संक्रमित रोगों को फैलने से रोकने के लिए शरीर में इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है, हालांकि हर बीमारी के लिए अलग टीका या वैक्सीन होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि टीकाकरण की मदद से प्रतिवर्ष 2-3 मिलियन लोगों की जान बचाई जाती है। प्रतिवर्ष 16 मार्च को ही राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह दिन पोलियो बीमारी के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है। देश में पहली ओरल पोलियो वैक्सीन खुराक देने की शुरुआत 16 मार्च 1995 को हुई थी। उसी के साथ भारत सरकार ने पोलियो को जड़ से खत्म करने का अभियान 'पल्स पोलियो' शुरू किया था, जो 'दो बूंद जिंदगी की' के नाम से लोकप्रिय हुआ था। वह ऐसा दौर था, जब देश में पोलियो के मामले तेजी से बढ़ रहे थे। तब पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को समय-समय पर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद दी जाती थी। पोलियो के खिलाफ व्यापक रूप से चलाए गए उस अभियान के परिणामस्वरूप ही भारत 2014 में पोलियो मुक्त देश बना था। भारत में पोलियो का आखिरी मामला 2011 में पश्चिम बंगाल में दर्ज किया गया था और 2014 में डब्ल्यूएचओ द्वारा भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया गया था। पिछले कुछ वर्षों में टीकाकरण जीवन-घातक संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने और समाप्त करने में बेहद कारगर साबित हुआ है। पोलियो और चेचक जैसी महामारी का रूप ले चुकी बीमारियों से निजात दिलाने के लिए तो देश में समय-समय पर टीकाकरण अभियान चलाए ही जाते रहे लेकिन देश का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान 2020 में कोविड महामारी के बाद चलाया गया और उस दौरान टीकाकरण का महत्व सर्वोपरि हो गया था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक टीकाकरण के लाभ केवल स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा में सुधार तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि समुदाय के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी इससे सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत ने वर्ष 2017 से 2020 के बीच 32।4 करोड़ बच्चों का एमआर (खसरा-रूबेला) टीकाकरण किया था। खसरा और रूबेला संक्रमण से बचाव के लिए एमआर टीकाकरण किया जाता है। खसरा बच्चों का जानलेवा रोग है, जिससे ग्रसित बच्चे दस्त और निमोनिया से मर सकते हैं जबकि रूबेला बीमारी से गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहा बच्चा अंधा, बहरा, मंदबुद्धि पैदा हो सकता है और उसके दिल में सुराख जैसी भंयकर बीमारी भी हो सकती है, बच्चे की गर्भ में ही मृत्यु भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगटन के मुताबिक एमआर टीकाकरण बहुत सुरक्षित और उपयोगी है और इस टीकाकरण से दुनियाभर में प्रतिवर्ष करोड़ों बच्चों की जान बच जाती है। विगत तीन दशकों में टीकाकरण के क्षेत्र में भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और अब हमारे पास हेपेटाइटिस बी तथा मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए भी सफल टीके हैं। इसके अलावा हमारे वैज्ञानिक उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ और भी बेहतर टीके तैयार करने में जुटे हैं। भारत के कुछ नए टीकाकरण पर नजर डालें तो नवम्बर 2015 में निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन को पहली बार 6 राज्यों में लांच किया गया था, जिसे वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल के हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। डायरिया से होने वाली मृत्यु और रुग्णता को कम करने के लिए मार्च 2016 में 11 राज्यों में रोटावायरस वैक्सीन द्धआरवीवीऋ को लांच किया गया और 2019-20 में देशभर में टीकाकरण अभियान का विस्तार किया गया। भारत ने 2017 में खसरा उन्मूलन और रूबेला नियंत्रण लक्ष्यों के लिए समर्पित 'एमआर टीका' पेश किया, जिसने 9 माह से 15 साल तक के 41 करोड़ बच्चों को लक्षित किया।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शहादत-ए-खामेनेई : मर के जीना सिखा गए



पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आखिरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे श्जन संहारकश देशों का ही एकाधिकार है। अमे. रिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे श्सर्वशक्तिमान श स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोजाना भारी जनहानि की खबरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सै "यद अली खामनेई की शहादत जैसी बड़ी कुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़ कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज्बे के साथ अपने शरीर पर कफन लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गए। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गई। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

निःसंदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है, यह सुन्नी जगत को निगल जाना चाहती है, अरब देशों के लिए ईरान सबसे बड़ा खतरा है, केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थाई और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहां अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। कतर, बहरीन, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन, इराक, मिस्र, सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररिज़्म बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहां पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका व इस्राईल अधिकांश खड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्जी से जबरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीके से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे, परन्तु गत 28 फरवरी को पवित्र रमजान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किए गए आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आंखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमे. रिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाएगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाजा सामरिक .ष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक्सान पहुंचा है। यह हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, कतर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किए गए। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुए। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया। और जिन अरब देशों की सुरक्षा के नाम पर गत 4 दशकों से गलतफहमी का शिकार बना रखा था उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने अपने नागरिकों को एक एडवाइजरी जारी कर उन्हें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान, जॉर्डन, मिस्र, लेबनान, यमन, इराक तथा सीरिया जैसे देशों को तत्काल छोड़ने की सलाह भी दे दी।

अमेरिका द्वारा पीठ दिखाने के बाद पूरा इस्लामी जगत यह सोचने के लिए मजबूर हो गया कि वास्तव में अमेरिका द्वारा जिस ईरान को अरब देशों के लिए खतरा बताया जा रहा था वह ईरान नहीं बल्कि खुद अमेरिका ही उनके लिए सबसे बड़ा खतरा है। खामनेई की शहादत के बाद जिस तरह पूरे विश्व की अनेक सांसदों व विधानसभाओं में सड़कों व बाजारों में खामनेई को श्रद्धांजलि पेश की गई और साथ ही पूरे विश्व में शिया सुन्नी एकता के जो लहर दिखाई दे रही है उसकी तो अमे. रिका ने कल्पना भी नहीं की होगी। आज केवल दुनिया के मुसलमान ही नहीं बल्कि क्रूर व शुद्ध व्यवसाई मान. सिकता रखने वाले अमेरिकी साम्राजयवाद से त्रस्त आ चुकी पूरी दुनिया आयतुल्ला खामनेई की शहादत को इसी लिए सलाम कर रही है कि उन्होंने शहीद होकर न केवल विश्वसतर पर शिया सुन्नी की उस खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो अमेरका व इस्राईल द्वारा ही गहरी की गई थीं बल्कि उन्होंने अमेरिकी के आगे घुटने टेकने से इंकार कर यह भी बता दिया कि ब्रह्माण्ड में सर्वशक्तिमान कोई अमेरिका जैसा देश या उसका कोई सनकी राष्ट्रपति नहीं बल्कि वही है जो श्सबका मालिकश है और वह एक है और वही सबके लिए श्सर्वशक्तिमानश है। आयतुल्लाह खामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि स्वरूप कुंवर महेंद्र सिंह बेदी सहर द्वारा कही गई यह पंक्तियां सटीक बैठती हैं - जी के मरना तो सब को आता है। मर के जीना सीखा दिया तूने।

**–तनवीर जाफरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जयपुर। आपूर्ति संकट के बीच एलपीजी सिलेंडर लेकर कतार में इंतजार करते लोग।

## पाकिस्तान में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में 30 प्रतिशत तक कटौती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बढ़ते फ्यूल संकट के बीच सरकार ने खर्च कम करने के लिए कई बड़े फैसले किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि सरकारी कंपनियों और सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थानों के कर्मचारियों की सैलरी में 5 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक कटौती की जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कदमों से जो पैसा बचेगा, उसे लोगों को राहत देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि अगले दो महीनों तक सरकारी गाड़ियों के लिए फ्यूल का इस्तेमाल 50 प्रतिशत तक कम किया जाएगा और करीब 60 प्रतिशत सरकारी वाहनों को सड़कों से हटा दिया जाएगा। इसके अलावा नई सरकारी गाड़ियां खरीदने पर रोक लगा दी गई है।

## पश्चिमी तट में इजरायली हमले में चार फलस्तीनी मारे गएः रेड क्रिसेंट

**रामल्लाह।** पश्चिमी तट के तम्मून शहर में इजरायली विशेष बलों की गोलीबारी में दो बच्चों सहित चार फलस्तीनियों की मौत हो गई है। फलस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने यह जानकारी दी है। रेड क्रिसेंट के अनुसार, इजरायली बलों ने एक गाड़ी पर गोलीबारी की, जिसमें ये लोग मारे गए। रेड क्रिसेंट ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसके कर्मचारियों ने गोलीबारी का शिकार हुई गाड़ी से चारों पीड़ितों के शव बरामद कर लिए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पीड़ित एक ही परिवार के थे। सूत्रों ने कहा कि इजरायली विशेष बल शहर के एक इलाके में दो युवकों का पीछा कर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने वहां से गुजर रही गाड़ी पर गोलीबारी कर दी। इस घटना के संबंध में इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल

## इजरायली पीएम नेतन्याहू के सामने नई राजनीतिक चुनौती

**तेल अवीव।** ईरान के खिलाफ युद्ध में सैन्य हमलों और शीर्ष नेतृत्व पर हमले के बावजूद तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। ऐसे में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अब एक नई राजनीतिक चुनौती का सामना कर रहे हैं।

■ इजरायल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की



इजरायली सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व अब इस युद्ध को मध्य पूर्व की रणनीतिक तस्वीर बदलने वाली कार्रवाई के रूप में पेश कर रहा है, जबकि तेहरान में शासन परिवर्तन का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल के सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध को मधय पूर्व की शक्ति संतुलन को बदल देने वाली कार्रवाई बताया जा रहा है। तेल अवीव स्थित पत्रकार और यूएस-इजरायल थिंक टैंक इजरायल पालिसी फोरम से जुड़े नीति सलाहकार नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू इस युद्ध को ऐतिहासिक जीत बताने की कोशिश कर रहे हैं। यदि तेहरान की मौजूदा सत्ता कमजोर या समाप्त हो जाती, तो लेबनान में हिज्बुल्लाह और गाजा में हमास जैसे समूहों को मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और हथियारों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ सकता था। इजरायल का मानना रहा है कि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल सकता है। इजरायल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की। इजरायल के भीतर कुछ लोग नेतन्याहू के इन संकेतों को इस रूप में देख रहे हैं कि संभवतः युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ रहा है। तेजी से बढ़ती तेल कीमतों के कारण अमेरिका की सरकार पर भी संघर्ष समाप्त करने का दबाव बताया जा रहा है। जून 2025 के बाद सिर्फ आठ महीने में ही इजरायल फिर युद्ध में लौट आया। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान मिसाइल कार्यक्रम फिर खड़ा कर रहा था और उसे तथा अपने परमाणु कार्यक्रम को गहराई में भूमिगत ले जाने की योजना बना रहा था। इजरायल के अखबार येदियोथ अहरोनोथ के रक्षा संवाददाता ने लिखा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के भीतर आंतरिक तनाव व कुछ मामलों में सैनिकों के पलायन जैसी घटनाएं सामने आई हैं। नेतन्याहू का संकेत है कि इजरायल युद्ध के जरिए परिस्थितियां बदल पीछे हट सकता है। हालांकि तेहरान में सत्ता बरकरार रहने की स्थिति नेतन्याहू के लिए जोखिम भी पैदा कर सकती है। विश्लेषक नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू की पूर्ण विजय की घोषणाएं वास्तविकता में नहीं बदलतीं हैं तो यह उनके खिलाफ जा सकता है।

# US को पश्चिम एशिया छोड़ देना चाहिएः पेजेशिकयान

## अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिएः ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और शांति के लिए अमेरिका को पश्चिम एशिया से बाहर चले जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी बात रखते हुए लिखा कि अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए। पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष अब काफी बड़ा रूप ले चुका है। अमेरिका, इजरायल और ईरान एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहे हैं।

इसकी वजह से पूरी दुनिया में तेल और गैस की सप्लाई पर संकट पैदा हो गया है। शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा बंदरगाह पर ड्रोन से हमला हुआ, जिससे वहां आग लग गई। खाड़ी मामलों के एक जानकार ने बताया कि यूएई की रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को बीच में ही रोक दिया था। ड्रोन के मलबे के गिरने से आग लगी, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारों का कहना है कि यह घटना बताती है कि क्षेत्र में तनाव को रोकना अब बहुत जरूरी है। यूएई को उसकी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि व्यापार, कूटनीति और पैसे के लेनदेन में उसकी बड़ी भूमिका की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के बैंकिंग ढांचे पर हमले जारी रखे, तो खाड़ी देशों में चल रही अमेरिकी बैंकों की शाखाओं पर हमले और तेज हो सकते हैं। ईरानी अधिकारी नायनी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अमेरिकी बैंकों पर हालिया हमले दरअसल ईरान की संपत्तियों पर हुए हमलों का जवाब थे।



■ होर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ हमारे दुश्मनों के जहाजों के लिए बंद, ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

इन हमलों की वजह से कुछ समय के लिए बैंकिंग कामकाज में रुकावट भी आई। समुद्री रास्तों पर भी खतरा काफी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो हफ्तों में फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमधय और ओमान की खाड़ी में कम से कम 17 जहाजों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। ओमान में भारतीय दूतावास ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। यह पूरा विवाद 28 फरवरी को शुरू हुआ था। तब अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों में ईरान के कई बड़े अधिकारी और कमांडर मारे गए थे। इसके बाद से ईरान की सेना हर दिन इजरायल इलाकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रही है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमधय खुला है और यह रणनीतिक मार्ग सिर्फ अमेरिका और इजरायल के जहाजों के लिए बंद है। ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा। अराघची ने एक बातचीत के दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरू खुला है। यह केवल हमारे दुश्मनों, अमेरिका और उसके सहयोगियों के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी के लिए आवागमन पर कोई रोक नहीं है। होर्मुज में ईरानी नाकेबंदी को लेकर किए गए सवाल पर अराघची ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के चलते ये नाकेबंदी की गई है। रूस और चीन को लेकर अराघची ने कहा कि रूस और चीन हमारे रणनीतिक साझेदार हैं। अतीत में हमारा घनिष्ठ सहयोग रहा है, जो अभी भी जारी है। इसमें सैन्य सहयोग भी शामिल है। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया है कि दुनिया में तेल ले जाने का एक बहुत महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता होर्मुज स्ट्रेट अभी भी खुला है और उस पर ईरान का नियंत्रण बना हुआ है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका द्वारा किए जा रहे दावे सही नहीं हैं। अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की नौसेना को नष्ट कर दिया है और तेल के जहाजों को सुरक्षित रास्ता दे सकता है, लेकिन ये बातें गलत हैं। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि होर्मुज स्ट्रेट को सैन्य रूप से बंद नहीं किया गया है, बल्कि यह सिर्फ ईरान के नियंत्रण में है।

### बिना गारंटी और हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहींः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार पत्र 'अल-अरबी अल-जदीद' से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्जाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है। अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके। ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं। उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है। अराघची ने आशंका जताई कि अरब देशों के नागरिक ठिकानों पर हुए हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है, जिसका उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी अरब देशों के मधुर संबंधों में दरार पैदा करना है। अराघची ने यह भी सनसनीखेज दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के 'शाहिद' की तरह ही 'लुकास' नामक एक नया ड्रोन बनाया है, जिसका उपयोग अरब देशों में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया है।

# जंग की वजह से लेबनान में 2 लाख बच्चे बेघर

## दुबई में पर्यटकों की कमी, रेस्त्रां-कैफे में कुर्सियां खाली



**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजरायल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

अल जजीरा के मुताबिक इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। दुबई के बाजार, समुद्र तट और वाटरफ्रंट इलाके आमतौर पर पर्यटकों से भरे रहते हैं, लेकिन इस बार पर्यटन के व्यस्त मौसम में भी यहां असामान्य सन्नाटा दिखाई दे रहा है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध का असर अब पूरे क्षेत्र पर पड़ रहा है। ईरान ने यूएई में कई जगहों पर हमला किया है। इस वजह से देश की 'सुरक्षित पर्यटन स्थल' वाली छवि पर भी असर डाला है। इस वजह से दुबई के कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल, जैसे दुबई क्रीक के किनारे स्थित अल सीफ वाटरफ्रंट मार्केट और बुर्ज अल अरब जैसे लक्जरी होटलों के पास के समुद्र तटों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम पर्यटक दिखाई दे रहे हैं। दुबई क्रीक के पास ऐतिहासिक अल फहीदी इलाके में अल सीफ मार्केट के एक कैफे की मेज पर शुक्रवार को एक दुकानदार सोता नजर आया। दुबई क्रीक के पास ऐतिहासिक अल फहीदी इलाके में अल सीफ मार्केट के एक कैफे की मेज पर शुक्रवार को एक दुकानदार सोता नजर आया। दुबई क्रीक के किनारे अल सीफ बाजार लगभग खाली नजर आ रहा है। आम तौर पर पर्यटकों से भरा रहने वाली यह जगह शुक्रवार को सुनसान दिखाई दिया। वहां एक बिल्ली टहलती दिखी। अल सीफ बाजार के एक कैफे में शुक्रवार को खाली कुर्सियों के बीच कुछ ही ग्राहक बैठे दिखाई दे रहे हैं। दुबई में बुर्ज अल अरब और जुमेराह मार्सा अल अरब होटलों के आगे की बीच शुक्रवार को खाली नजर आई।

## ईरान का यूक्रेन को सीधा निशाना बनाने का संकल्पः ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सांसद ने सोशल मीडिया पर एक विवादित बयान देते हुए कहा है कि यूक्रेन अब ईरान के लिए एक 'वैध सैन्य लक्ष्य' बन चुका है। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति संसदीय समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी के अनुसार, यूक्रेन द्वारा अमेरिका और इजरायल के पक्ष में ईरान विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

अजीजी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इजरायली शासन को ड्रोन सहायता प्रदान करके, यूक्रेन प्रभावी रूप से इस युद्ध में शामिल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत, यूक्रेन ने अब अपने पूरे क्षेत्र को ईरान के लिए एक वैध लक्ष्य में बदल दिया है। ईरान का आरोप है कि यूक्रेन अपनी ड्रोन विशेषज्ञता का इस्तेमाल इजरायल और पश्चिमी देशों को ईरान के विरुद्ध मजबूत करने के लिए कर रहा है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने इस धमकी को 'हास्यास्पद' बताते हुए खारिज कर दिया है। यह स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि 10 से अधिक देशों ने ईरानी ड्रोनों से निपटने के लिए कीव से सहायता मांगी है।

■ इजरायली शासन को ड्रोन सहायता प्रदान करके यूक्रेन प्रभावी रूप से इस युद्ध में शामिल हो गया

## ट्रम्प को झटकाः प्रवासी निर्वासन सुरक्षा खत्म करने पर लगी रोक

**बोस्टन।** मैसाचुसेट्स की एक अमेरिकी अदालत के फैसले ने सोमालिया से आए प्रवासियों के अस्थाई संरक्षित दर्जे (टीपीएस) की समाप्ति पर अस्थाई रोक लगा दी है। गत माह ट्रम्प प्रशासन द्वारा मिनियापोलिस में आव्रजन संबंधी कार्रवाई के दौरान टीपीएस को खत्म करने का कदम उठाया था। अमेरिकी जिला जज एलिसन डी. बरोज ने कहा, यदि सोमालिया के टीपीएस को समाप्त होने दिया जाता है तो इसके गंभीर नतीजे सामने आएंगे। प्रवासियों के समर्थक समूह ने संघीय अदालत में एक आपातकालीन याचिका दायर कर इस समाप्ति पर रोक लगाने की मांग की थी।

# होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए दूसरे देश वॉरशिप भेजेंः ट्रम्प

## कहाः ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म, चीन, जापान और ब्रिटेन से भी आगे आने की अपील

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर काफी सख्त बयान दिया है। उनका कहना है कि यह समुद्री रास्ता किसी भी हाल में बंद नहीं होने दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है।



■ ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है

उन्होंने उम्मीद जताई कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देश भी अपने वारशिप भेजकर इस रास्ते को खुला रखने में मदद करेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि हालिया हमलों के बाद ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है, हालांकि वह अभी भी ड्रोन, समुद्री माइंस या छोटी दूरी की मिसाइलों से खतरा पैदा कर सकता है। होर्मुज स्ट्रेट ग्लोबल एनर्जी सप्लाई के लिए बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। संयुक्त अरब अमीरात ने सोशल मीडिया पर वायरल और झूठे वीडियो क्लिप फैलाने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ जल्दी मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई ईरान से जुड़े युद्ध के कारण क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। यूएई के अटार्नी जनरल हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की लगातार निगरानी के दौरान यह मामला सामने आया। उनके अनुसार कुछ लोग सही गलत जानकारी फैलाने वाले लोगों को निष्क्रिय कर रहे थे और इससे देश की सुरक्षा और स्थिरता पर असर पड़ सकता है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट बेन कोहेन ने कहा कि ईरान के आतंकवादी शासन के खिलाफ कड़ा कदम उठाना जरूरी है। उनका कहना है कि इजरायल ऐसे खतरे को सिर्फ रोक नहीं बल्कि पूरी तरह खत्म करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इजरायल का लक्ष्य टिक-टिक करते टाइम बम को सिर्फ निष्क्रिय करना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह हटाना है। उनके मुताबिक इजरायल ऐसी स्थिति में नहीं रह सकता जहां कोई शासन खुलेआम इजरायल और अमेरिका के खिलाफ धमकियां देता हो। लेबनान ने इजरायल से बातचीत के लिए सीजफायर की शर्त रखी इजरायल ने संकेत दिया है कि वह 2006 के बाद लेबनान पर बड़ा जमीनी हमला कर सकता है। इसी बीच तनाव कम करने के लिए बातचीत की तैयारी भी चल रही है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले को संभालने के लिए अपने करीबी सहयोगी रान डर्मर को जिम्मेदारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत जल्द ही शुरू हो सकती है और इसमें अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनेर शामिल हो सकते हैं। वहीं लेबनान के नेता नबीह बेरी ने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उससे पहले युद्धविराम होना जरूरी है।

# महासचिव गुटेरेस ने भी सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

## बोलेः ये आज भी 1945 के समय में फंसी है

**बेरूत।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दर्शाती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था।



■ 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पातीः गुटेरेस

बेरूत में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थाई सदस्य हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका स्थाई सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है, फिर भी यहां से सिर्फ चीन ही स्थाई सदस्य के तौर पर शामिल है। गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की काम के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती। जब भी किसी युद्ध को रोकने की जरूरत होती है, कोई न कोई स्थाई सदस्य वीटो का इस्तेमाल कर देता है। इससे शांति की कोशिशें बीच में ही रुक जाती हैं। गुटेरेस को फिलहाल ऐसी उम्मीद नहीं है कि आने वाले कम समय में इन हालातों में कोई बदलाव होगा। सुरक्षा परिषद के ढांचे की बात करें तो चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास वीटो की ताकत है। बाकी 10 अस्थाई सदस्यों को दो साल के लिए चुना जाता है, लेकिन उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता। भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनीति से मेल नहीं खाती।

## बेरुत में हिजबुल्लाह के कमांड सेंटरों को तबाह करने का इजरायल का दावा

**बेरुत।** इजरायली सेना ने शनिवार को लेबनान की राजधानी बेरुत में हिजबुल्लाह की विशिष्ट 'रदवान फोर्स' के कई महत्वपूर्ण कमांड सेंटरों को नष्ट करने का दावा किया है। ए इजरायली सेना का कहना है कि ए हमले 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य हिजबुल्लाह की सैन्य क्षमताओं और उनके नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह से ध्वस्त करना है। इजरायल के अनुसार, हिजबुल्लाह जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों के बीच अपनी सैन्य बुनियादी सुविधाएं स्थापित कर रहा है, जिससे आम लोगों की जान को खतरा पैदा हो रहा है। इजरायल ने चेतावनी दी है कि चिकित्सा सुविधाओं और एम्बुलेंस का सैन्य उपयोग होने पर वह अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत उन पर भी कार्रवाई करेगा।

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 की मौत

**काठमांड।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। यात्री मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

■ 7 घायल, मनोकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा

पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक माइक्रोबस मनकामना मंदिर से लौट रही थी, तभी सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में घायल 7 यात्रियों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। प्रशासन के अनुसार बस मनाकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक रेस्क्यू आपरेशन जारी रहा। पुलिस ने बताया कि हादसे की दूसरे वजहों की भी जांच की जा रही है। नेपाल में शनिवार को भारतीय यात्रियों से भरी बस खाई में पलट गई। गोरखा जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी भारतीय नागरिक थे। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108